# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026




# झारखंड राज्यसभा चुनाव में विजय की रणनीति काम आई, भूपेश का दांव फेल

## भाजपा और कांग्रेस ने बनाया था दोनों को पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झारखंड में राज्यसभा चुनाव में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा की रणनीति काम कर गई और एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी को जीत मिली। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर पर्यवेक्षक बनाकर भेजा था। इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा था। वहां पर उनका दांव नहीं चल सका और क्रास वोटिंग के कारण कांग्रेस के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।



भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं पर भरोसा जता रहा है। झारखंड में राज्यसभा के चुनाव में एनडीए को जीत दिलाने का जिम्मा प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को दिया गया। उन्होंने झारखंड जाकर मोर्चा संभाला। बीते तीन दिनों से वे लगातार वहां पर रहे और एनडीए के समर्थित प्रत्याशी को जीत दिलाने की रणनीति पर काम किया। गुरुवार को जब नतीजा सामने आया, तो इसमें एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी को जीत मिली। झारखंड के सभी 81 विधायकों ने मतदान किया। श्री नाथवानी को 28 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के प्रणव झा को 20 वोट मिले। एनडीए के पास 24 विधायक हैं, जो 81 सदस्यों वाली विधानसभा में राज्यसभा की सीट पक्की करने के लिए जरूरी 28 से चार कम हैं, लेकिन चार अन्य मतों को अपनी तरफ करके एनडीए ने अपने समर्थित प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम किया है। एनडीए के समर्थित प्रत्याशी को जीत दिलाने में विजय शर्मा की अहम भूमिका रही है। वे गुरुवार को झारखंड में ही थे। रात को ही वे वहां से रायपुर लौटे हैं। इसके पहले बिहार में भी राज्यसभा चुनाव के समय विजय शर्मा को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था, तब भी बिहार में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली थी। एनडीए के सभी पांचों प्रत्याशियों को वहां जीत मिली थी।

### भूपेश नामांकन तक रहे



कांग्रेस ने अपने राज्यसभा के प्रत्याशी प्रणव झा को जीत दिलाने का जिम्मा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपा था। वे दो दिनों तक झारखंड में रहे और जीत की रणनीति बनाने के साथ ही प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करवाने के बाद लौट आए। गुरुवार को मतदान और परिणाम के समय वे झारखंड में नहीं थे।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव में खेला
## 'क्रॉस वोटिंग' के चलते जीता राजग समर्थित उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड में बृहस्पतिवार को राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में एक सीट पर 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच राजग समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को हरा दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दूसरी सीट से सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम निर्वाचित हुए। अधिकारी ने बताया कि नाथवानी को 28 वोट मिले, जिसके बाद उन्हें विजेता घोषित किया गया। झा को 20 वोट हासिल हुए। अधिकारी के अनुसार राम को चुनाव में 30 वोट मिले, जबकि तीन वोट - भाजपा के दो और कांग्रेस का एक अमान्य पाए गए। विधानसभा में भाजपा नीत राजग के विधायकों की संख्या 24 है, जो राज्यसभा की एक सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए 81 सदस्यीय विधानसभा में आवश्यक 28 प्रथम वरीयता मतों से चार कम है। झामुमो और कांग्रेस के सत्तारूढ़ 'इंडिया' गठबंधन के सदन में 56 सदस्य हैं।



### मिजोरम में जेडपीएम उम्मीदवार विजयी

आइजोल। मिजोरम में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के उम्मीदवार के. लालतलुआंगकिमा ने बृहस्पतिवार को जीत दर्ज की। लालतलुआंगकिमा की जीत के साथ ही यह पहला अवसर है जब पार्टी का उच्च सदन में प्रतिनिधित्व होगा। विधानसभा सचिव और निर्वाचन अधिकारी जोथानसांगा राल्ते के अनुसार, लालतलुआंगकिमा ने कुल 36 मतों में से 26 वोट हासिल किए और विपक्षी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) की जोथानसांगी हमार को हराया। जोथानसांगी को उनकी पार्टी के विधायकों के सभी 10 वोट मिले।

## खबर संक्षेप

### 14.5 करोड़ रु. के मादक पदार्थ जब्त, 7 गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के दो जिलों से 14.5 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं और इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा कि लगातार चलाए गए अभियान के तहत ये मादक पदार्थ श्रीभूमि और नगांव जिलों से जब्त किए गए हैं। शर्मा ने पोस्ट में कहा, 'मादक पदार्थों के विरुद्ध हमारा अभियान पूरी दृढ़ता के साथ जारी है। ... श्रीभूमि और नगांव जिला पुलिस ने 14.5 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।'

### एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, मौलाना गिरफ्तार



**नागपुर।** नागपुर में एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, काला जादू और जबरन धर्मांतरण मामले में एक मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 साल की महिला ने 12 जून एफआईआर में आरोप लगाया था कि उसे नशीला पदार्थ देकर रेप और ब्लैकमेल किया गया। फिर जबरन शादी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। हजरत नाम के मौलाना पर महिला के ऊपर काला जादू और धर्मांतरण करने का आरोप है।

### काशी रेलवे स्टेशन विस्तार मस्जिद को मिला नोटिस



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में काशी रेलवे स्टेशन परिसर के विस्तार के लिए रेलवे प्रशासन ने स्टेशन के मुख्य द्वार पर स्थित गंज शहीदा मस्जिद को खाली करने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत नोटिस चस्पा किया है। वहीं, मस्जिद की देखरेख करने वाली संस्था इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने रेलवे के नोटिस को अवैध करार दिया है। कैंट स्टेशन के अधीक्षक अर्पित गुप्ता ने कहा, 'काशी स्टेशन के विस्तार और प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए आसपास की रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त करना आवश्यक है।

## राउत ने दी चेतावनी, कहा- बेईमानी बहुत महंगी पड़ेगी

**7 दिन के अंदर कारण बताओ नोटिस का देना होगा जवाब**

# उद्धव सेना की व्हिप वाली मीटिंग 3 सांसद पहुंचे, बाकी 6 को नोटिस

*शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के 6 बागी सांसदों को मनाने की एक आखिरी कोशिश भी नाकामयाब साबित हुई। संजय राउत और अरविंद सावंत ने संसदीय बोर्ड की इमरजेंसी बैठक रखी थी जिसमें सभी 9 सांसदों को शामिल होने के लिए व्हिप जारी किया गया था। हालांकि, बैठक में पहुंचे केवल तीन ही सांसद। वही तीन, जो पहले से पार्टी के साथ बने हुए हैं। बाकी 6 बागियों में से कोई इस मीटिंग में शामिल नहीं हुआ।*

■ बागी सांसदों को 10 करोड़ रुपये देना का दावा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैठक में तीन लोकसभा सांसद अरविंद सावंत, राजाभाऊ वाजे और अनिल देसाई शामिल हुए। बैठक से नदारद रहने वाले सांसदों के नाम संजय जाधव, संजय देशमुख, नागेश पाटिल अष्टिकर, भाऊसाहेब वाकचौरे, संजय दीना पाटिल और ओमराजे निंबालकर हैं। बागी सांसदों द्वारा व्हिप को नजरअंदाज किए जाने पर भड़के संजय राउत ने कहा कि यह पार्टी व्हिप उल्लंघन है, इसके लिए सांसदों से जवाब मांगा जाएगा। अगर वो लोकसभा स्पीकर से मिले हैं तो फोटो दिखा दीजिये। इस बार एकनाथ शिंदे और सभी 6 सांसदों को बेईमानी बहुत महंगी पड़ेगी। , लोकसभा में संसदीय दल के नेता अरविंद सावंत ने कहा, 'जो सांसद बैठक में नहीं आए हैं उनको कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा और उन्हें 7 दिन के अंदर जबाव देना होगा। अगर जवाब नहीं आया तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्पीकर को चिट्ठी लिखेंगे।' राउत ने बागी सांसदों को लेकर एक और बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बागी सांसदों को 10 करोड़ रुपये और दिए गए हैं।

### राउत ने सुप्रीम कोर्ट को भी बताया 'गुनहगार'

संजय राउत ने बेहद बड़ा बयान देते हुए यह भी कहा है कि उनकी पार्टी के साथ आज जो हो रहा है, इसका 'गुनहगार' सुप्रीम कोर्ट भी है। संजय राउत का दावा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया होता तो आज यह नौबत नहीं आती. उन्होंने आगे कहा कि देश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ रही हैं। इसका गुनहगार सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट भी है और देश का चुनाव आयोग भी है।

### दो सांसदों ने भरोसा दिया था कि नहीं जाएंगे

उद्धव ठाकरे गुट के सूत्रों के मुताबिक पार्टी नेतृत्व ने अब उम्मीद छोड़ दी है। अब जब ये 6 सांसद इस बैठक में नहीं आए हैं तो इनको बागी और गद्दार माना जा सकता है। सूत्रों की मानें तो 6 में से दो सांसद लगातार भरोसा दे रहे थे कि वे शिंदे गुट के साथ नहीं जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, 3 महीने पहले एक-दो सांसदों ने इस बात की ओर इशारा किया था कि शिंदे गुट की तरफ से उनसे संपर्क किया जा रहा है लेकिन उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के नेताओं को भरोसा था कि ये सांसद उस गुट की तरफ नहीं जाएंगे। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में खेल बदल गया।

### क्यों बागी हुए 6 सांसद?

दरअसल, बागी सांसदों ने जो प्रस्ताव दिया है, उसके हिसाब से सांसद इस आशंका से नाराज हैं कि शिवसेना यूबीटी का विलय कांग्रेस में हो सकता है। यह चिंता सांसदों ने संजय राउत के एक बयान के बयान के बाद जताई जिसमें उन्होंने कहा था ममता बनर्जी की टीएमसी को सलाह दी थी कि कांग्रेस में विलय कर लें।

### इधर ममता को भी झटका, ऋतब्रत बने रहेंगे नेता विपक्ष



***कोलकाता।*** *कलकत्ता हाई कोर्ट ने फिलहाल बागी टीएमसी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता (एलओपी) बनाए जाने के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने इस मामले में कोई अंतरिम फैसला नहीं दिया है। इसका मतलब है कि फिलहाल ऋतब्रत बनर्जी विपक्ष के नेता बने रहेंगे। लेकिन अदालत ने याचिका स्वीकार कर ली है और मामले की आगे सुनवाई करेगी। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस ने उनकी दावेदारी खारिज कर गलत तरीके से बागी टीएमसी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता नियुक्त कर दिया। हालांकि, हाई कोर्ट ने इस मामले में कोई अंतरिम राहत नहीं दी।*

# 99% भारतीय उत्पादों पर ड्यूटी खत्म, 15 जुलाई से लागू होगा भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता

**रिश्तों का नया अध्याय होगा शुरू**
**व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के बीच व्यापारिक रिश्तों का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। आगामी 15 जुलाई से दोनों देशों के बीच 'व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता' (सीईटीए) आधिकारिक तौर पर लागू हो जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा एक अहम समझौता (डीसीसी) भी इसी दिन से प्रभाव में आएगा। इस ऐतिहासिक कदम से न सिर्फ 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में बिना किसी ड्यूटी (टैक्स) के सीधी एंट्री मिलेगी, बल्कि वहां काम करने वाले भारतीय पेशेवरों के लिए दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट की अवधि भी 3 साल से बढ़ाकर 5 साल कर दी गई है।

### पेशेवरों के साथ सर्विस सेक्टर को भी मिलेगी नई उड़ान

सिर्फ सामान ही नहीं, बल्कि भारत की सेवा (सर्विस) अर्थव्यवस्था के लिए भी यह समझौता एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। ब्रिटेन ने 137 ऐसे सर्विस सेक्टर्स में भारत को बाजार पहुंच दी है, जिनमें भारतीय कंपनियों और पेशेवरों की मजबूत उपस्थिति है। इनमें आईटी, प्रोफेशनल सर्विसेज, शिक्षा, टेलीकॉम और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्र शामिल हैं। सबसे बड़ी राहत ब्रिटेन जाने वाले कर्मचारियों को मिली है। नए सामाजिक सुरक्षा समझौते के तहत अब अस्थायी तौर पर ब्रिटेन जाने वाले भारतीय पेशेवरों को वहां दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान (डबल कंट्रीब्यूशन) से 5 साल तक की छूट मिलेगी।

### स्टील उद्योग की रक्षा के साथ आम आदमी को भी फायदा

किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सबसे अहम होती है। कुल 30 अध्यायों वाले इस समझौते में भारत ने अपने स्टील निर्यातकों के हितों को भी सुरक्षित रखा है। 1 जुलाई 2026 से ब्रिटेन द्वारा स्टील पर लागू किए जा रहे नए सख्त नियमों के बावजूद भारत के 85 प्रतिशत स्टील निर्यात को इनके प्रभाव से बाहर रखा गया है। शेष हिस्से को भी विशेष कोटा व्यवस्था के जरिए संरक्षण दिया गया है।

### भारतीय सामानों के लिए ब्रिटेन का बाजार हुआ लगभग पूरी तरह टैक्स-फ्री

इस नए व्यापारिक ढांचे के लागू होने से भारतीय निर्यातकों को सीधा फायदा मिलने वाला है। अब तक जिन सामानों पर ब्रिटेन में भारी आयात शुल्क लगता था, वे अब बिना किसी ड्यूटी के वहां आसानी से बिक सकेंगे। प्रोसेस्ड फूड पर लगने वाला 70 प्रतिशत तक का शुल्क, समुद्री उत्पादों पर 21.5 प्रतिशत, इंजीनियरिंग और ऑटो पार्ट्स पर 18 प्रतिशत, चमड़े और जूतों पर 16 प्रतिशत तथा कपड़ों पर 12 प्रतिशत तक का आयात शुल्क अब शून्य हो जाएगा। सीधी भाषा में कहें तो भारत के छोटे-बड़े कारखानों, किसानों और मछुआरों का सामान अब ब्रिटेन के बाजारों में अपनी प्रतिस्पर्धी कीमत पर बिक सकेगा। इससे भारतीय विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र को नई ताकत मिलेगी। हालांकि, डेयरी उत्पादों, अनाज और सेब जैसे भारत के संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहरी आयात के दबाव से पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है।

## यूक्रेन का रूस पर बड़ा ड्रोन अटैक, मॉस्को का एयर डिफेंस फेल

# दहक उठीं इमारतें, कई ऑयल रिफाइनरीं पर भी हुआ हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र के एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया, यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई।




**यह कहा रूस ने :** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी एयर डिफ़ेंस सिस्टम ने रात भर में कई इलाकों में 555 यूक्रेनी ड्रोन्स को मार गिराया, जिनमें से लगभग 200 को रूसी राजधानी के पास पहुंचने पर रोका गया। लेकिन कई ड्रोन शहर को निशाना बनाने में कामयाब रहे। मॉस्को में लगा रूस का एयर डिफेंस सिस्टम सभी ड्रोन्स को फेल नहीं कर सका।

### यूक्रेन जलेगा तो मॉस्को भी जलेगा : जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मॉस्को पर हुए हमले को पिछले हफ्ते कीव पर रूस की कार्रवाई का जवाब बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने उन ठिकानों को निशाना बनाया, जो रूस के युद्ध अभियान को सहारा दे रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अब समय आ गया है कि रूस युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाए। उन्होंने यूक्रेन की विभिन्न सैन्य और खुफिया एजेंसियों की कार्रवाई की तारीफ भी की।




**कोलकाता में आठ स्थानों पर तलाशी**

# 191 करोड़ के पीएनबी बैंक घोटाले में सीबीआई का ताबड़तोड़ छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने पंजाब नेशनल बैंक को कुल 191 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने से जुड़े तीन अलग-अलग बैंक धोखाधड़ी मामलों में कोलकाता में आठ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये मामले मेसर्स टैंटिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, मेसर्स ब्रह्म अलॉयज लिमिटेड और मेसर्स अमृत फीड्स लिमिटेड से संबंधित हैं। सीबीआई ने टैंटिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड मामले में कंपनी के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली। जांच एजेंसी के अनुसार, इस मामले में कंपनी ने पंजाब नेशनल बैंक से प्राप्त नकद ऋण



(कैश क्रेडिट) और टर्म लोन सुविधाओं के जरिए करीब 73 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। आरोप है कि कंपनी ने अपनी सहायक और संबद्ध कंपनियों की दीर्घकालिक पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा गैर-मानक खातों के माध्यम से धनराशि को डायवर्ट कर बैंक के धन का दुरुपयोग किया। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

### 58 करोड़ की धोखाधड़ी

इसी तरह ब्रह्म अलॉयज लिमिटेड मामले में भी कंपनी के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की गई। यह मामला पंजाब नेशनल बैंक से प्राप्त कैश क्रेडिट सुविधा में 58 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि कंपनी ने समूह की अन्य कंपनियों में इक्विटी निवेश, अन्य बैंकों में चालू खाते संचालित करने तथा लेखा पुस्तकों में हेराफेरी कर बैंक के धन का दुरुपयोग किया। इस मामले में भी तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

वहीं, अमृत फीड्स लिमिटेड मामले में सीबीआई ने कंपनी के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। यह मामला पंजाब नेशनल बैंक से प्राप्त कैश क्रेडिट और टर्म लोन सुविधाओं के तहत 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से संबंधित है।

आवश्यकता है
AGARWAL PUBLIC SCHOOL
Nava Raipur
नवनिर्मित
अग्रवाल पब्लिक स्कूल
सेक्टर–28, नवा रायपुर एवं सिटी स्कूल VIP ईस्टेट, शंकर नगर हेतु :
• ड्रायवर/कंडक्टर/अटेंडर
नवा रायपुर हेतु संपर्क करें : रवि कुमार : 94255–09402
शंकर नगर हेतु संपर्क करें : अमन कुमार 94255–09404
नवा रायपुर हेतु :
• चपरासी/क्लर्क • आयाबाई • क्लिनिंग वॉशिंग (M/F)
• कूक • माली • गार्ड • स्वीपर कार्य हेतु
सम्पर्क करें- श्री रवि कुमार : 94255–09402
ड्रायवर पद हेतु लायसेंस, आधार कार्ड एवं पुलिस वेरिफिकेशन आवश्यक
शेष अन्य पदों हेतु आधार कार्ड एवं पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य
आवश्यकता होने पर सीमित संख्या में नवा रायपुर स्कूल कैंपस में आवास सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सकती है





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026


### ईपीएफओ जमा पर 8.25 फीसदी ब्याज

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। इसे इस महीने ही सात करोड़ से अधिक अंशधारक सदस्यों के खातों में जमा किए जाने की संभावना है।




**अपने सम्प्रदाय के बने पहले आचार्य**


# दीक्षा के 50 साल बाद 71 वर्ष की आयु में आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हुए विनयकुशल मुनि जी, अब कहलाएंगे आचार्य श्री जिनचंद्रसूरिश्वर जी महाराजा

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिया नव-प्रतिष्ठित आचार्य का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**खास खबर**

सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को तीन दिवसीय 'आचार्य पदारोहण, सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव' का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व समापन हुआ। रायपुर के इतिहास में यह पहला अवसर था जब किसी जैन मुनि को जैन दर्शन के सर्वोच्च 'आचार्य' पद पर प्रतिष्ठित किया गया। 71 वर्ष की आयु और दीक्षा के 50 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर परम पूज्य गणाधीश पंन्यास प्रवर श्री विनयकुशल मुनि जी गणि महाराजा को आचार्य पद से अलंकृत किया गया। सुविहित परंपरा के धारक, खरतरगच्छीय श्री मोहनलालजी ▸▸| शेष पेज 5 पर





### जैन दर्शन के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : ओम बिरला

*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आचार्य पद केवल एक पद नहीं है, बल्कि यह तप, त्याग, ज्ञान और समाज को दिशा देने वाली साधना का सर्वोच्च प्रतीक है। भगवान महावीर और जैन दर्शन के सिद्धांत आज भी मानवता को शांति, आत्मसंयम, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं। वर्तमान समय में जब विश्व तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, तब जैन दर्शन की शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि 14 वर्षीय शतावधानी हंसभद्र मुनि जी महाराज ने अपनी विलक्षण स्मरण शक्ति और ज्ञान के बल पर जो पहचान बनाई है, वह समाज को नई दिशा दे रही है।*

### आज छत्तीसगढ़ धन्य हुआ : मुख्यमंत्री साय

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर पहली बार आयोजित हो रहा यह आचार्य पदारोहण महोत्सव प्रदेश के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। देश के विभिन्न राज्यों से आए संत-साध्वियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ धन्य हुआ है और इस आयोजन से पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। उन्होंने 14 वर्षीय बाल मुनि शतावधानी हंसभद्र मुनि जी के 'सहस्त्रावधान' (एक साथ हजार प्रश्नों को स्मरण रखकर क्रमवार उत्तर देना) को एक असाधारण उपलब्धि बताते हुए उन्हें नमन किया।*

### जैन संतों का त्याग सदैव प्रेरित करता है

*विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जैन मुनि कठिन तप, उपवास और संयम के माध्यम से समाज को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने लंबी पदयात्रा कर रायपुर पहुंचे सभी साधु-संतों का अभिनंदन किया। वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि इतने बड़े आध्यात्मिक आयोजन का होना प्रदेश के लिए सौभाग्य है। विनयकुशल मुनि जी का पदारोहण समाज को अध्यात्म और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेगा।*

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

*इस भव्य और दिव्य आयोजन में सकल जैन श्रीसंघ के पदाधिकारियों के साथ ही देशभर से आए हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, जांजगीर सांसद कमलेश जांगड़े, बस्तर सांसद महेश कश्यप और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।*

---

## अमेरिका-ईरान जंग खत्म, तय तारीख से एक दिन पहले समझौता

# युद्ध खत्म, ईरान को मिलेगा 28 लाख करोड़, पर नहीं बनाएगा परमाणु हथियार

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन/तेहरान

*अमेरिका-ईरान जंग खत्म हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने डिजिटल हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही यह समझौता लागू हो गया। समझौते में ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का भरोसा दिया है, जबकि ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर (28 लाख करोड़ रुपए) के फंड की योजना पर भी सहमति बनी है। इस समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए।*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बुधवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत तेहरान अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के अपने भंडार को कम करेगा और इसके बदले उसे अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट दी जाएगी, जिससे ईरान बिना किसी रोक के अपना तेल बेच सकेगा। अमेरिका और ईरान ने यह जानकारी दी। समझौते की मध्यस्थता करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर करने के बाद युद्ध समाप्त करने संबंधी यह प्रारंभिक समझौता 'तत्काल प्रभाव' से लागू हो गया है। समझौते में संघर्ष स्थायी रूप से समाप्त करने का आह्वान किया गया है। इसके साथ ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य को लेकर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए 60 दिन की वार्ता अवधि शुरू हो गई है। हालांकि, ट्रंप ने दोबारा हमले करने का विकल्प खुला रखा है। ऐसा प्रतीत होता है कि समझौते के तहत ईरान को शुरुआत में ही कई बड़े लाभ ▸▸| शेष पेज 5 पर

### समझौते में क्या

- होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोला जाएगा
- ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा
- ईरान को 28 लाख करोड़ का हर्जाना
- अमेरिका ईरानी तेल के निर्यात पर राहत देना शुरू कर देगा
- अमेरिका ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों को एक-एक करके खत्म करने का वादा किया
- ईरान की फ्रीज्ड संपत्तियां रिलीज होंगी
- ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका नौसैनिक नाकेबंदी 30 दिन के भीतर पूरी तरह खत्म करेगा।
- लेबनान समेत सभी मोर्चों पर संघर्ष खत्म होगा

### दोनों देश के राष्ट्रपतियों ने किए हस्ताक्षर, 60 दिनों में अंतिम समझौते का नया टारगेट



### ट्रंप ने दिया जवाब...डील साइन हो गई

समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे पीस डील को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, डील साइन हो गई है। ट्रंप के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया।

### अब आगे क्या होगा

जब अमेरिका और ईरान के बीच अंतिम समझौता हो जाएगा, तो उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के एक प्रस्ताव के जरिए मंजूरी दी जाएगी। इसका मतलब है कि अंतिम समझौता केवल अमेरिका और ईरान के बीच का राजनीतिक समझौता नहीं रहेगा, बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनी मान्यता भी मिल जाएगी।

### अमेरिका ने क्या पाया

- अमेरिकी और इस्राइली हवाई हमलों ने ईरान की पारंपरिक नौसेना और वायु सेना किया खत्म
- ईरान की मिसाइल निर्माण क्षमता को कई साल पीछे धकेल दिया गया
- युद्ध की शुरुआत में 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए
- अमेरिका होर्मुज नाकेबंदी को हटवाने और व्यापारिक जहाजों के लिए फिर से खुलवाने में सफल रहा।

### ईरान को क्या मिला

इस समझौते के तहत ट्रंप ने ईरान के तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों को तुरंत हटा दिया है। अब ईरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में खुलकर अपना कच्चा तेल बेच सकेगा। इससे उसे अरबों डॉलर की कमाई होगी। पिछले साल ईरान ने तेल बेचकर 45 अरब डॉलर कमाए थे। तब प्रतिबंधों के कारण उसका एकमात्र बड़ा खरीदार सिर्फ चीन था। ईरान को छिपकर अपने टैंकर भेजने पड़ते थे, जिससे उसका मुनाफा कम हो जाता था।

---

# सभी मंत्री अचानक बुलाए गए सीएम हाउस आधी रात बाद तक चली बैठक, फेरबदल की थी अटकलें, मंत्रियों ने कहा- गलत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**साव और नेताम ने कहा, मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर हुई चर्चा, कार्यक्रम-रणनीति समेत संगठन पर मंथन**







### दौरा निरस्त कर आए मंत्री

अचानक सीएम हाउस बुलाए जाने से हड़बड़ाए कई मंत्रियों ने कार्यक्रम छोड़कर रायपुर का रुख किया। शाम 8.30 बजे बैठक की सूचना थी, उसके पहले ही मंत्रियों का सीएम हाउस पहुंचना शुरू हो गया था।

**खास खबर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित सीएम हाउस में गुरुवार देर रात करीब सवा बजे तक चली बैठक को लेकर राज्य की सियासत गरमाई रही। अचानक मंत्रियों को सीएम हाउस बुलाए जाने की खबरों के साथ अटकलें लगाई जा रही थी कि मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर यह बुलावा भेजा गया है, लेकिन बैठक के बाद मंत्रियों ने साफ कर दिया कि अटकलें निराधार थी। बैठक सत्ता और संगठन के मध्य समन्वय समेत कई मुद्दों को लेकर बुलाई गई थी।

खबर के मुताबिक मंत्रियों के पास देर शाम ये सूचना आई कि सीएम हाउस में एक बैठक रखी गई है। उसके बाद मंत्री एक एक कर सीएम हाउस पहुंचने लगे। रात 9 बजे बैठक शुरू हुई। इसमें खास बात ये थी इस बैठक में प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री पवन साय और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल विशेष रूप से शामिल हुए थे। बैठक की सूचना सामने आने से लेकर करीब सवा बजे देर रात तक चली बैठक को लेकर सियासी हल्कों में लगातार अटकलें और अफवाहें चल रही थी, लेकिन बैठक खत्म होने से पहले ये पता नहीं लग पा रहा था, इस बैठक का एजेंडा आखिर क्या है। बैठक समाप्त होने के बाद जब उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री रामविचार नेताम बाहर आए तो उन्होंने मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा- संगठन के कामकाज को लेकर लगातार चर्चा रहती है। सांसदों विधायकों ▸▸| शेष पेज 5 पर

### पीएम-किसान योजना की 23वीं किस्त कल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को पीएम-किसान योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसान लाभार्थियों को सीधे 18,880 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी।

---

**नहीं मिली राहत**

## नौवीं के छात्रों को तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई की उस नीति को लेकर दायर याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया, जिसमें 2026-27 सत्र से कक्षा 9वीं के छात्रों के लिए दो भारतीय भाषाओं समेत तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया गया है। कोर्ट ने कहा कि इस चरण में कोई अंतरिम आदेश पारित करने का आधार नहीं बनता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहना की पीठ ने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'फ्रेंड्स ▸▸| शेष पेज 5 पर

### दसवीं के छात्रों को राहत

सीबीएसई ने छात्रों पर अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। तीसरी भाषा (आर-3) के लिए कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। आर-3 विषय का मूल्यांकन पूरी तरह स्कूल स्तर पर होगा और छात्रों के प्रदर्शन को सीबीएसई प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाएगा।

---

**घटना का वीडियो वायरल, खुद लाकर पिलाया पेशाब**

# पति ने किया मुंडन, चेहरे पर पोती कालिख, बच्चे से कराया पेशाब

**हैवानियत की हद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबिकापुर

सरगुजा संभाग के पटना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां अपने पति ने ही महिला की पहले बेरहमी से पिटाई की और फिर उसका मुंडन करा दिया। इससे भी पति का जी नहीं भरा तो उसने महिला पर बच्चे से पेशाब कराया, चेहरे पर कालिख पोती और फिर खुद उसे पेशाब पिला दिया। महिला के साथ हुए इस हैवानियत की घटना का आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। इस घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसके बाद हड़कंप मच गया है। यह पूरी घटना कोरिया के पटना थाना क्षेत्र में हुई। फिलहाल मामले में पुलिस ने आरोपी ▸▸| शेष पेज 5 पर



### चार दिनों बाद भी कार्रवाई नहीं

*इस पूरे मामले में अब महिला न्याय की गुहार लगा रही है। महिला ने सूरजपुर में पत्रकार वार्ता कर मदद की गुहार लगाई। सबसे बड़ी बात यह है कि महिला के साथ हुई यह घटना प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के गृह जिले से जुडी है लेकिन इसके बाद भी महिला चार दिनों से न्याय की गुहार लगा रही है। महिला का कहना है कि उसका पति उसकी हत्या करना चाहता था। इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है जिससे लोगों में रोष का माहौल भी है।*

### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

*घटना की जानकारी है, इस मामले में पहले से पटना थाना में अपराध दर्ज है। घटना का वीडियो अब सामने आया है जो काफी विभत्स है। इस मामले में गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।*

*- **दीपक झा**, आईजी सरगुजा*

### आरोपी गिरफ्तार

*महिला ने पटना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति शराब पीकर मारपीट करता है, जिस पर घरेलू हिंसा की धारा लगाकर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया है।*

***सुरेशा चौबे**, एएसपी, कोरिया*



# हाईकोर्ट अर्जेंट हियरिंग

# जेल में बंद हत्या का आरोपी छात्र नीट की परीक्षा देगा चीफ जस्टिस ने कहा-जरूरी किताबें भी उपलब्ध कराएं

**चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अर्जेंट हियरिंग के लिए पेश मामले में सुनवाई करते हुए सेन्ट्रल जेल रायपुर में निरुद्ध छात्र को रविवार को आयोजित नीट परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की है। कोर्ट ने रायपुर एसपी और जेल अधीक्षक को निर्देशित किया है कि, छात्र को उचित हिरासत में एग्जाम सेंटर लेकर जाना सुनिश्चित करें ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

आवेदक छात्र को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 108 के तहत दंडनीय अपराध के लिए पुलिस स्टेशन खमतराई, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में पंजीकृत अपराध संख्या 430/2026 के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। एडवोकेट अनुकूल विश्वास के माध्यम से हाईकोर्ट में अस्थायी जमानत की मांग करते हुए इंटरिम एप्लीकेशन पेश किया गया आवेदक के वकील ने कहा कि आवेदक को नीट 2026 परीक्षा में उपस्थित होना आवश्यक है, जो 21 जून 2026 को केंद्रीय विद्यालय रायपुर में आयोजित होने



एसपी रायपुर और जेल अधीक्षक को दिए निर्देश

वाली है। यह भी कहा कि प्रवेश पत्र की एक प्रति इस आवेदन के साथ संलग्न की गई है । यह भी निवेदन किया जाता है कि आवेदक को जेल में आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि वह उक्त परीक्षा के लिए पर्याप्त तैयारी कर सके। चीफ जस्टिस ने मामले में अर्जेंट सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि आवेदक छात्र को परीक्षा में उपस्थित होने के उद्देश्य से 21 जून 2026 को पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र, अर्थात केंद्रीय विद्यालय, रायपुर ले जाया जाए। रायपुर जिले के पुलिस अधीक्षक और संबंधित जेल के अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदक को उचित पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र ले जाया जाए और उसे निर्धारित तिथि और समय पर उक्त परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाए। ताकि वह इस परीक्षा की तैयारी कर सके। परीक्षा पूरी होने पर आवेदक को तुरंत संबंधित जेल में वापस लाया जाएगा जहाँ वह वर्तमान में बंद है।

### तीन सप्ताह बाद फिर सूचीबद्ध करें मामला

कोर्ट ने कहा कि चूंकि अभी तक आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है, इसलिए इस मामले को तीन सप्ताह बाद फिर से सूचीबद्ध किया जाए । आदेश की एक प्रति यहाँ भेजें। रजिस्ट्रार न्यायिक को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश की एक प्रति संबंधित ट्रायल कोर्ट, पुलिस अधीक्षक और साथ ही उस जेल के अधीक्षक को तत्काल भेजें जहां आवेदक वर्तमान में बंद है, ताकि उन्हें सूचना दी जा सके और आवश्यक अनुपालन किया जा सके।

## नीट-2026 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

नीट एग्जाम के दौरान परीक्षार्थियों एवं उनके परिजनों की यात्रा को सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। परीक्षा अवधि में संभावित अतिरिक्त यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष मेमू सेवाओं का संचालन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए रेलवे ने 20 और 21 जून को विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

कोरबा-दुर्ग–कोरबा मेमू/पैसेंजर स्पेशल- गाड़ी संख्या 06801 कोरबा–दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल 20 जून को कोरबा से 10.00 बजे रवाना



होगी तथा मार्ग के अन्य सभी मध्यवर्ती स्टेशनों में रुकते हुए चांपा 10.50 बजे, जांजगीर नैला 11.05 बजे, अकलतरा 11.21 बजे, बिलासपुर 12.10 बजे, बेल्हा 12.42 बजे, भाटापारा 13.13 बजे, तिल्दा नेवरा 13.36 बजे, रायपुर 14.55 बजे, भिलाई पावर हाउस 15.39 बजे होते हुए दुर्ग 16.15 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी चलाई जाएंगी जिसकी सूची रेलवे ने जारी कर दी है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक चालक की पिटाई पर सिपाही निलंबित

कुरूद। मरौद टोल प्लाजा के पास ट्रक चालक से कथित मारपीट और अनुचित व्यवहार के मामले में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सख्त कार्रवाई करते हुए कुरूद थाना में पदस्थ आरक्षक पवन बर्मन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आरक्षक को पुलिस लाइन रूद्री अटैच करते हुए मामले की प्राथमिक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कुरूद द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रतिवेदन सौंपकर बताया गया कि आरक्षक पवन बर्मन द्वारा मरौद टोल प्लाजा के पास एक ट्रक चालक के साथ अनुचित व्यवहार और मारपीट किए जाने की शिकायत सामने आई है। जांच के दौरान संबंधित आरक्षक अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित भी पाया गया। पुलिस विभाग की छवि और आमजन के विश्वास को प्रभावित करने वाले इस मामले को एसपी ने गंभीरता से लिया। प्रथम दृष्टया आरक्षक का कृत्य पुलिस अनुशासन और सेवा आचरण नियमों के विपरीत पाए जाने पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्राथमिक जांच पूरी होने के बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

गृह विभाग ने प्रदेश के जिला दंडाधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दी विशेष शक्तियां

# कलेक्टरों की शक्तियां बढ़ाई गईं, नक्सल खतरे की आशंका पर दो संगठनों पर बढ़ाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है। राज्य के गृह विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के जिला दंडाधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 के तहत विशेष शक्तियां प्रदान की हैं। यह आदेश राज्य के सभी जिलों पर प्रभावी होगा। दूसरी ओर राज्य में नक्सलवाद समाप्त होने के बाद नक्सल संगठनों के खतरे की आशंका के मद्देनजर दो संगठनों पर प्रतिबंध बढ़ाया गया है।**

दरअसल सरकार को ऐसी रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं कि कुछ असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और लोक व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश में सक्रिय हैं। इन तत्वों की गतिविधियां राज्य की सुरक्षा के लिए प्रतिकूल साबित हो सकती हैं, जिसे देखते हुए सरकार ने यह कठोर कदम उठाया है। राज्य सरकार ने परिस्थितियों का आकलन करने के बाद जिला दंडाधिकारियों को यह शक्ति दी है कि वे जनहित में एहतियाती कदम उठा सकें। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, जिला दंडाधिकारी 1 अप्रैल, 2026 से 30 जून, 2026 तक की अवधि के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की धारा-3 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिकृत होंगे। यह विशेष अधिकार प्रदेश के समस्त जिलों- रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग के सभी जिले और अन्य नवगठित जिलों सहित कुल 33 जिलों में लागू रहेंगे।

खास खबर



### क्या होती हैं ये शक्तियां

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के तहत जिला दंडाधिकारियों को यह अधिकार प्राप्त होता है कि यदि उन्हें किसी व्यक्ति की गतिविधियां देश की सुरक्षा, विदेशी संबंधों या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा महसूस होती हैं, तो वे उस व्यक्ति को हिरासत में लेने का आदेश दे सकते हैं। यह एक निरोधात्मक कानून है, जिसका उपयोग अपराध होने से रोकने के लिए किया जाता है, न कि सजा देने के लिए।

### दो संगठन संगठनों पर बढ़ाया प्रतिबंध

छत्तीसगढ़ सरकार भले ही राज्य में नक्सलवाद के लगभग समाप्त होने का दावा कर रही हो, लेकिन राज्य सरकार के ताजा फैसले से यह संकेत भी मिला है कि सुरक्षा एजेंसियां अब भी नक्सल समर्थित या उनसे जुड़े माने जाने वाले संगठनों को संभावित खतरे के रूप में देख रही हैं। राज्य सरकार ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) और तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) पर लगा प्रतिबंध एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध 19 जून 2026 से प्रभावी होगा। गृह विभाग के अनुसार इन दोनों संगठनों की गतिविधियों से सार्वजनिक व्यवस्था, लोक शांति तथा कानून द्वारा स्थापित राज्य व्यवस्था और उसकी संस्थाओं के कामकाज में बाधा उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। सरकार का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुरक्षित रखने, आम जनता को भय और आतंक के माहौल से दूर रखने तथा आदिवासी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की सुरक्षा के लिए प्रतिबंध जारी रखना आवश्यक है।

नाले ने निगल ली दो मासूम जिंदगी

## चचेरे भाइयों की नाले में डूबने से गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के ग्राम कोटपाड में बुधवार शाम हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। नाले में नहाने गए दो चचेरे मासूम भाई 6 वर्षीय साजन पोयाम पिता केशव पोयाम और 7 वर्षीय ऋषभ पोयाम पिता तेजराज पोयाम गहरे पानी में डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे गांव के नाले के गड्ढे में नहाने गए थे। नहाते समय वे गहरे गड्ढे में चले गए और डूब गए। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। नाले के किनारे बच्चों के कपड़े मिलने के बाद ग्रामीणों ने खोजबीन की और रात करीब 8 बजे दोनों के शव पानी से बाहर निकाले। सूचना मिलते ही बड़ेडोगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों की रिपोर्ट पर गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





### दोनों बच्चे थे परिवारों के इकलौते बेटे

इस हादसे ने दोनों परिवारों की खुशियां छीन लीं। ऋषभ पोयाम अपने माता-पिता की अकेली संतान था, जबकि साजन की एक बड़ी बहन है और वह परिवार का इकलौता बेटा था। साजन की मां पूर्णिमा पोयाम कोटपाड क्षेत्र की जनपद सदस्य हैं।

## छत्तीसगढ़ से उज्बेकिस्तान लौटेंगी होटल से पकड़ी गईं 2 महिलाएं रायपुर में बिना वीजा रह रही थीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए 2 उज्बेकिस्तान की महिलाओं को उनके देश वापस भेजने का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार और उज्बेकिस्तान दूतावास समेत सभी पक्ष डिपोर्टेशन (प्रत्यावर्तन) के पक्ष में हैं, इसलिए याचिका में अब विचारणीय कुछ बाकी नहीं रह गया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोनों महिलाओं को उज्बेकिस्तान भेजने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस मामले में उज्बेकिस्तान दूतावास ने भी अदालत से जल्द डिपोर्टेशन के लिए जरूरी आदेश जारी करने का अनुरोध किया था।

ध्यान रहे कि 9 जनवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 'होटल एरिना बुटिक' में 2 विदेशी युवतियां ठहरी हुई हैं, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। सूचना पर तेलीबांधा पुलिस की टीम ने दबिश दी और दोनों को हिरासत में लिया था। 10 मार्च 2026 तक बार-बार मौका देने के बावजूद दोनों महिलाएं भारत में रहने या यात्रा करने का कोई भी वैध प्रमाण पेश नहीं कर पाईं। इसके बाद पुलिस ने 13 मार्च 2026 को उनके खिलाफ आव्रजन और विदेशी विषयक अधिनियम 2025 की धारा 3, 21 और 23 के तहत अपराध दर्ज किया था।

### जेल परिसर में बने डिटेंशन सेंटर में रखी गईं

महिलाओं पर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा था। पुलिस की जांच के दौरान महिलाएं पासपोर्ट, वीजा संबंधित दस्तावेज नहीं दे पाई। दोनों को रायपुर सेंट्रल जेल परिसर में बने डिटेंशन सेंटर में रखा गया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, केंद्र सरकार और उज्बेकिस्तान दूतावास की ओर से कोर्ट को बताया गया कि, दोनों विदेशी महिलाओं को उनके देश वापस भेजने की कार्रवाई की जा सकती है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि, जब सभी संबंधित पक्ष डिपोर्टेशन के पक्ष में हैं, तब याचिका लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद संबंधित एजेंसियां अब यात्रा दस्तावेज, पहचान सत्यापन और दूतावास से समन्वय जैसी औपचारिकताएं पूरी करेंगी। दोनों महिलाओं को उज्बेकिस्तान भेजा जाएगा।

### दंपति को चोर बताकर ग्रामीणों ने किया हमला, पति की मौत

**अम्बिकापुर।** सागर थाना अंतर्गत ग्राम पमखेड़ी निवासी राजकुमार, पत्नी से विवाद कर देर रात पति घर से निकल गया। पति को खोजते हुए पत्नी ग्राम बिछली पहुंची तो गांव के ही कुछ लोगों ने दंपति को देर रात देख न सिर्फ चोर बताया बल्कि दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए पति की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मनेंद्रगढ़ में मौत हो गई।





शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10

दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

नकली माल से सावधान

HMS देखकर खरीदें

94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130


## चिल्फीघाटी पर फैला तेल, फिसलन से वाहन हो रहे दुर्घटना का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार को नागमोड़ी घाट क्षेत्र में एक टैंकर से सड़क पर तेल रिसकर फैल गया, जिससे करीब 2 से 3 किलोमीटर तक का मार्ग अत्यंत फिसलन भरा हो गया। इस वजह से मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कई वाहन दुर्घटनाओं का शिकार हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेल से सनी सड़क पर कई मोटरसाइकिल चालक अपना संतुलन खो बैठे और सड़क पर गिर पड़े। वहीं यात्रियों से भरा एक तूफान वाहन भी फिसलकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। पर दुर्घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है।

रायपुर

**शुक्रवार 19 जून 2026**

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 24, अंक : 329
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**


**मौसम**
अधि. 39.4
न्यून. 27.8


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

## 17 राज्यों में आज बारिश का अनुमान



*नई दिल्ली।* भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया है कि 19 जून को देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम के अलग-अलग रूप देखने को मिलेंगे। देश के 17 राज्यों में बारिश का अनुमान है। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है, वहीं उत्तर प्रदेश और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में लू का प्रकोप जारी रहने का अलर्ट जारी किया है।






# छत्तीसगढ़ में महिलाओं का कम, पुरुषों का बीपी ज्यादा, हर पांचवा हाईपर टेंशन की चपेट में !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा अधिक सुख चैन से जीवन जी रही हैं, यही कारण है कि उनमें ब्लड प्रेशर की समस्या पुरुषों के मुकाबले कम है, लेकिन पुरुष बेचारे क्या करें। घर-परिवार, रोजी-रोटी और कारोबार की उनकी चिंता कुछ ऐसी है कि वे भारी तनाव का शिकार हो रहे हैं। हालत ये है कि राज्य ▶▶|शेष पेज 5 पर

### शहरी पुरुषों पर अधिक जोखिम

शहरी क्षेत्रों में 24.3 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 प्रतिशत पुरुषों में उच्च रक्तचाप पाया गया। यह अंतर दर्शाता है कि शहरी जीवनशैली, तनाव, खान-पान और शारीरिक गतिविधियों में कमी जैसी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### महिला-पुरुष दोनों को शहरों में ज्यादा खतरा

आंकड़ों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों में शहरी क्षेत्रों में उच्च रक्तचाप की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है।जानकारों का मानना है कि तेजी से बदलती जीवनशैली, प्रसंस्कृत ▶▶|शेष पेज 5 पर

*» राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता*

*» शहरी महिला और पुरुष दोनों पर संकट, ग्रामीण पर कम*



### महिलाओं में हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कमी

सर्वेक्षण के अनुसार 15 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में उच्च रक्तचाप (सिस्टोलिक 140 मिमी एचजी या उससे अधिक अथवा डायस्टोलिक 90 मिमी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पुरुषों में भी हर 5वां व्यक्ति प्रभावित

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -6 के अनुसार राज्य में 20.8 प्रतिशत पुरुष उच्च रक्तचाप से प्रभावित हैं। इसका अर्थ यह है कि राज्य का लगभग हर पांचवां वयस्क पुरुष अभी भी बीमारी से जूझ रहा है।

### *गांवों में स्थिति बेहतर*

*शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 21.6 प्रतिशत है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 17.6 प्रतिशत महिलाओं में उच्च रक्तचाप दर्ज किया गया।*

### बदल रहा है बीमारियों का स्वरूप

राज्य में अब भी लगभग पांचवा हिस्सा वयस्क आबादी का इस बीमारी से प्रभावित है। नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, जागरूकता बढ़ाना जरुरी है।

## खबर संक्षेप

### क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में डीयू की छलांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में अपनी स्थिति बेहतर की है। छह स्थान ऊपर चढ़कर वैश्विक स्तर पर 322वीं रैंक हासिल की है। डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय 2026 की रैंकिंग में 328वें स्थान से आगे बढ़ा है।



### चंबा में एसयूवी खाई में गिरी, सात की मौत

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मसरूंड-हमाल मार्ग पर छत्रुंड के निकट एसयूवी के खाई में गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई। हादसा तड़के करीब 2 बजे हुआ, जब तीन महिलाओं समेत सभी व्यक्ति महल गांव लौट रहे थे। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) खाई में जा गिरी। एसयूवी में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### 14.5 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, सात गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के दो जिलों से 14.5 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लगातार चलाए गए अभियान के तहत ये मादक पदार्थ श्रीभूमि और नगांव जिलों से जब्त किए गए हैं।



### घोड़ा बग्गी हादसे में भारतीय किशोर की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के प्रसिद्ध सेंट्रल पार्क में एक भारतीय किशोर की, बग्गी के घोड़े के बिदक जाने से बाहर जा गिरी अपनी मां को बचाने की कोशिश में मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय रोमांच महाजन के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ पहली बार न्यूयॉर्क यात्रा पर आया था। खबर के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बग्गी चालक ने परिवार की तस्वीर लेने के लिए गाड़ी रोकी थी।

### रणथंभौर एक्सप्रेस के पहियों से निकला धुआं

**इंदौर।** मप्र के रतलाम जिले में इंदौर-जोधपुर रणथंभौर एक्सप्रेस के जनरल कोच के पहियों के ब्रेक जाम होने से घर्षण के कारण धुआं निकला। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्र की मदद से स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के दौरान ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं।



# पांच महीने में बस्तर की जमीन ने उगले 278 बम, अब तक 99 फीसदी हिस्सा बारूद से मुक्त

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

**अलग खबर**

नक्सल खात्मे के बाद नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया प्रेशर व कमाण्ड आईईडी सुरक्षाबलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ था। इस चुनौती पर लगभग काबू पा लिया गया है। सुरक्षाबलों ने बस्तर संभाग के 99 फीसदी इलाके को आईईडी मुक्त कर दिया है। बचे हुए लगभग एक फीसदी इलाके में इंटर स्टेट व डिसट्रिक्ट बार्डर क्षेत्र के अलावा घने जंगल व पहाड़ी इलाका शामिल है। इन इलाकों में अगले छह माह तक सुरक्षाबलों ▶▶|शेष पेज 5 पर



**राज्य और जिलों की सीमा क्षेत्र के अलावा घने जंगल व पहाड़ी इलाके में छह माह जारी रहेगा सर्च अभियान**

### मानसून में भी जारी रहेगा अभियान

आईजी ने कहा कि बस्तर को आईईडी मुक्त करने के उद्देश्य से मानसून के दौरान तथा उसके पश्चात भी डी-माइनिंग अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि यदि कहीं कोई शेष आईईडी रह गया हो तो उसकी पहचान कर उसे सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया जा सके। विशेष रूप से आंतरिक जिलों, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### स्थानीय लोगों का मिल रहा सहयोग

आईजी ने कहा कि आईईडी के विरुद्ध इस सतत अभियान का प्रत्यक्ष लाभ स्थानीय जनता को प्राप्त हुआ है। जिन क्षेत्रों में कभी बारूदी सुरंगों और विस्फोटकों के कारण आवागमन अत्यंत जोखिमपूर्ण था, वहां आज सड़क निर्माण, संचार सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा प्रशासनिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सुरक्षा बलों द्वारा निर्मित सुरक्षित वातावरण ने ग्रामीणों में विश्वास बढ़ाया है तथा विकास कार्यों को गति प्रदान की है।

**एआईसीसी का प्रशिक्षण विभाग देगा ट्रेनिंग**

# प्रशिक्षण शिविर में 3 घंटे रहेंगे राहुल आज आएंगे एआईसीसी पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**



जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 3 घंटे रहेंगे। शिविर में हिस्सा लेने एआईसीसी के पदाधिकारी 19 जून का यहां पहुंचेंगे। एआईसीसी के निर्देश पर अभनपुर में 20 से 29 जून तक कांग्रेस का दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर होने जा रहा है। राहुल गांधी 21 जून को नवनियुक्त जिला अध्यक्षों से शिविर में सीधे संवाद करेंगे। जिला अध्यक्षों को मैदान पर कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देंगे। साथ ही संगठन, फील्ड विजिट और सामाजिक-राजनैतिक सक्रियता पर ट्रेनिंग देंगे। एआईसीसी से जारी शेड्यूल के अनुसार राहुल गांधी 21 जून को दोपहर दो बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। 2:45 बजे सड़क मार्ग से सीधे अभनपुर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### प्रदेश प्रभारी पायलट, प्रभारी सचिव भी रहेंगे

शिविर में राहुल गांधी के साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और तीनों प्रभारी सचिव भी मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेता भी एक साथ एकजुट होकर मंच पर नजर आएंगे। एआईसीसी के सभी राष्ट्रीय महासचिव भी शिविर में शामिल होंगे। यह शिविर जिला अध्यक्षों को जमीनी फीडबैक लेने, जनता से संवाद और संगठन खड़ा करने की ट्रेनिंग देगा।

**पुनर्परीक्षा से पहले मंत्री ने ली हाईलेवल मीटिंग**

# नीट 21 जून को, सरकार मुस्तैद, एनटीए भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट यूजी पुनर्परीक्षा 21 जून को होगी। केंद्र सरकार परीक्षा को लेकर मुस्तैद है, वहीं एनटीए भी अलर्ट मोड पर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही नीट की तैयारियों का जायजा लेने के शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, नेशनल परीक्षा एजेंसी और उच्च शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की।




### इधर, एक और छात्र की मौत दो दिन में गईं चार जानें

गुजरात के अहमदाबाद में दोबारा नीट-यूजी देने की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय अभ्यर्थी ने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को एक इमारत की छठी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट से कथित तौर पर नीचे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

**विवाटेक-2026 में प्रधानमंत्री**

# पेरिस में बोले मोदी-एफिल टावर पर चल रहा यूपीआई

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रांस के पेरिस में आयोजित हो रहे यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी उत्सव 'विवाटेक 2026' के 10वें संस्करण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस साल इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन में भारत 'एआई कंट्री पार्टनर' के रूप में शामिल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि इस बड़े बदलाव के दौर में तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो हर किसी के काम आए। ▶▶|शेष पेज 5 पर



### तकनीक का इस्तेमाल

पीएम मोदी ने बताया कि भारत आज तकनीक का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुत बड़े पैमाने पर कर रहा है।

**रेत खनन पर हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग**

# परिजनों का आरोप, हत्या में बड़े लोगों की संलिप्तता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत नौगई गांव में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर मृतकों के परिजनों और समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि इस हत्याकांड में केवल नामजद आरोपी ही नहीं, बल्कि कुछ प्रभावशाली और बड़े लोगों की भी संलिप्तता है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

ज्ञापन में कहा गया है कि विवाद के समाधान के नाम पर त्रिपाठी परिवार द्वारा पीड़ित पक्ष को घर बुलाया गया था। आरोप है कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत एक मिनी हाइवा वाहन से टक्कर मारकर वाहन को पलटाया गया और उसमें सवार लोगों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं और उनका उपचार बड़े अस्पताल में चल रहा है। ▶▶|शेष पेज 5 पर


रेत खनन पर खूनी संघर्ष
भाजपा नेता को दो भाइयों समेत फॉर्च्यूनर में जिंदा जलाया

### *ज्ञापन में 24 घंटे की चेतावनी*

*ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई और निष्पक्ष जांच की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो सर्व समाज के लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है और लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।*

### *इलाके में तनाव, धारा 163 लागू, जुलूस-धरना पर रोक*

*कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र के नौगई में 16 जून को हुए जघन्य हत्याकांड के बाद कानून एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार 16 जून 2026 की रात्रि लगभग 10.30 बजे कटगोड़ी निवासी भरत कुमार सिंह उर्फ लल्ला सिंह अपने साथियों योगेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, मयंक सिंह एवं नागेन्द्र सिंह के* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### *इन पर लागू नहीं होगी धारा*

*जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन के लिए लाठी अथवा शस्त्र रखने की आवश्यकता होती है।*




## चिंतन

# यूएस-ईरान डीलः दुनिया ने ली राहत की सांस

आखिरकार 111 दिनों तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमत हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियानने अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए। खाड़ी संकट दूर होने से दुनिया ने राहत की सांस ली है। अब उम्मीद की जा सकती है कि तेल के दाम कम होंगे, महंगाई घटेगी और सप्लाई चेन बाधित नहीं होगी। महंगाई बढ़ने की आशंकाओं पर रोक लगेगी। हालांकि सफर लंबा है। युद्ध पूर्व के हालात बहाल होने में अभी समय लगेगा। अब देखा जाए जो इस संघष में अमेरिका ने अपना नुकसान ही किया है। उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। वहीं, ईरान ने भी इस युद्ध में काफी नुकसान झेला है। यहां तक की अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई तक को खो दिया। इसके अलावा भी कई बड़े नेता भी इसमें मारे गए हैं। इसके बावजूद वार्ता की मेज पर ईरान अपनी कई प्रमुख मांगों को आगे बढ़ाने में सफल दिखाई देता है। उसने इस समझौते में अपनी लगभग सभी शर्तें मनवा ली हैं। अब वह होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से पैसा वसूल सकेगा। अमेरिका उसके सभी फ्रीज खाते खोलेगा और पुनर्निर्माण में भी मदद करेगा। साथ ही ईरान पर लगा तेल बेचने का बैन भी खत्म होगा। कुल मिलाकर ईरान के लिए यह समझौता काफी मददगार साबित होगा। बिना सोचे समझे फैसला करने के आदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अपनी जीत ही बताएंगे, लेकिन वह ऐसा कुछ भी हासिल नहीं कर सके, जिसे उनकी उपलब्धि कहा जाए। अमेरिका ने इन हमलों पर भारी भरकम खर्च किया। दूसरी तरफ ईरान ने जवाबी कार्रवाई से मुंहतोड़ जवाब दिया और खाड़ी देशों में उसके एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस युद्ध से अमेरिका को अपनी सीमा भी पता चल गई। चूंकि वह ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन करवा पाया और न ही उसके मौजूदा शासन को झटका दे पाया। इस संघर्ष ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैन्य ताकत का प्रदर्शन नहीं होते, बल्कि उनकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत भी बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसी महाशक्ति को भी यह एहसास हुआ कि किसी देश की सरकार को केवल सैन्य कार्रवाई के जरिए बदलना आसान नहीं है। वहीं, ईरान ने भी यह दिखाया कि वह दबाव के सामने पूरी तरह झुकने को तैयार नहीं है। यही कारण रहा कि अंततः दोनों पक्षों को बातचीत का रास्ता चुनना पड़ा। फिर भी इस समझौते को अंतिम समाधान नहीं माना जा सकता। यह केवल एक अंतरिम व्यवस्था है, जिसके बाद कई जटिल मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है। क्षेत्रीय सुरक्षा, प्रतिबंधों की स्थायी समाप्ति, परमाणु कार्यक्रम और पारस्परिक विश्वास बहाली जैसे विषय अभी भी चुनौती बने हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर संतुलित समाधान नहीं निकलता, तो भविष्य में तनाव फिर बढ़ सकता है। फिलहाल इतना निश्चित है कि युद्ध की आग पर कूटनीति ने पानी डालने का काम किया है। दुनिया ने राहत की सांस ली है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक बड़े संकट से बचने का अवसर मिला है। लेकिन स्थायी शांति केवल समझौते पर हस्ताक्षर करने से नहीं आएगी। इसके लिए दोनों देशों को संयम, विश्वास और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा। आने वाला समय बताएगा कि यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनता है या केवल संघर्ष के बीच एक अस्थायी विराम साबित होता है।



**विश्व परिदृश्य**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# व्यापार समझौतों से विकास की इबारत

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत तेजी से व्यापार कूटनीति को अपनी विकास रणनीति का प्रमुख आधार बना रहा है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ओमान और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की दिशा में बढ़ती प्रगति भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। पश्चिम एशिया संकट के समाधान के बाद वैश्विक व्यापारिक माहौल में आई सकारात्मकता भी भारत के पक्ष में दिखाई दे रही है। नए व्यापार समझौते जहां निर्यात, निवेश और विनिर्माण को गति देंगे, वहीं सरल श्रम कानूनों के साथ मिलकर रोजगार सृजन और विकसित भारत के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करेंगे।

फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता जल्द आकार लेगा। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ करते कहा कि मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं, वे मेरे अच्छे दोस्त हैं और भविष्य में मैं भारत जा सकता हूं। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब दोनों देश व्यापार समझौते के लिए अपने आर्थिक-व्यापारिक मुद्दों को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों 1 जून से 4 जून के बीच नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता संपन्न हुई है। इस वार्ता के बाद दोनों देशों ने कहा कि उनके बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से संबंधित 99 प्रतिशत मुद्दे तय हो चुके हैं और दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की राह पर हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि जी 7 सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी के साथ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने वार्ता के दौरान कहा कि यूरोपीय संघ के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता( एफटीए) इसी वर्ष 2026 के अंत तक कार्यान्वित होने लगेगा। इतना ही नहीं, ब्रिटेन के साथ एफटीए भी आगामी 15 जुलाई से कार्यान्वित होना सुनिश्चित हो गया है।

उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आगामी 10 महीनों में 9 एफटीए लागू करेगा। इससे देश निर्यात, विनिर्माण और निवेश का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। 17 जून को पश्चिम एशिया संकट के समाधान से भारत से निर्यात बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के मद्देनजर व्यापार समझौतों की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जब इस समय वैश्विक निर्यात का ग्राफ तेजी से घट रहा है, वहीं हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-मई माह 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है और भारत की विकास दर भी उभरते हुए देशों में सबसे अधिक है। ऐसे में अब नए व्यापार समझौतों से इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में जहां भारत के निर्यात तेजी से बढ़ेंगे, वहीं अर्थव्यवस्था की रफ्तार और तेज होगी। विगत एक जून को भारत और ओमान के बीच वृहद आर्थिक एवं साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो गया है। इससे आगामी पांच वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 20 अरब डॉलर के पार पहुंचने का अनुमान है। ओमान में भारत के 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। इसके जरिये ओमान में भारत के कृषि, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, प्लास्टिक, कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, फुटवियर व ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क समाप्ति और निर्यात विस्तार का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि यह समझौता दक्षिण एशिया, खाड़ी क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीका को जोड़ने वाला एक रणनीतिक आर्थिक गलियारा स्थापित करेगा। इससे कारोबार बढ़ने के साथ रोजगार मौके भी बढ़ेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनो 19वें रोजगार मेले में




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ भारत के तेजी से आकार ले रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते और मुक्त व्यापार समझौते तथा भारत में लागू किए जा रहे सरल कानूनों से देश के तेज विकास के साथ युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर निर्मित होंगे। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि व्यापार समझौतों को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर हाल ही में पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इन चार श्रम संहिताओं-मज़दूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार की मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई देंगे। पिछले माह 15 से 20 मई तक प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों-संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता के दौरान इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान 19 मई को ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। विगत 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं और यह जल्द ही पूर्णतया लागू होगा। न्यूजीलैंड के साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। साथ ही अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। इतना ही नहीं इस समय कनाडा, इस्राइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आ रही है। अमेरिका और इरान के बीच शांति समझौते और पश्चिम एशिया संकट के समाधान के बाद सरकार व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी। उम्मीद करें कि प्रभावी व्यापार समझौतों के आधार पर डॉलर की तुलना में रुपये की गिरावट थमेगी और रुपया मजबूत होगा। साथ ही भारत आगामी 4-5 वर्षों में दुनिया के सबसे आकर्षक शेयर बाजारों में से एक होगा और अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। इससे भारत के द्वारा उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि के नए अध्यायय लिखे जा सकेंगे।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**विश्व सिकल दिवस**

लेखक डॉ.ए.आर.दल्ला



# समानता का हकदार

प्रति वर्ष 19 जून को विश्व सिकल दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष 2026 के लिए एक थीम चर्चा का विषय दी है। जीवन रक्षा की खाई को भरें सिकल सेल पर समानता सुनिश्चित करें। यह दिन जीवन के प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत करने का एक वैश्विक अभियान भी है। पहले इसे सिर्फ अश्वेत अफ्रीकन (नीग्रो) लोगो का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मालूम हुआ कि यह भारत, अरब, और मेडीटेरियन अफ्रीका के अन्य देशों में भी व्याप्त है। रोजी-रोटी की तलाश में जाने वाले प्रवासी अश्वेत नीग्रो के माध्यम से यह रोग अमेरिका और यूरोप के अन्य देशों में भी पहुंचा।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे एक घातक आनुवांशिक रोग चिन्हीत करते हुए कहा है कि इस रोग के प्रबंधन और जनजागरण के चलते मलेरिया, कुपोषण एवं एनीमिया से होने वाली बीमारी से शिशु मृत्यू दर में कमी लाई जा सकती है। यहां यह जानना जरूरी है कि विश्व के विकसित और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में बहुत अंतर है-इसमें आर्थिक संसाधनो की एक बड़ी कमी की समस्या भी सामने आती है। इसी संदर्भ मे इस वर्ष 2026 में विश्व-स्वास्थ संगठन ने एक सामायिक थीम दी है। 'जीवन रक्षा की खाई को भरे। समानता सुनिश्चित करें।' सिकल सेल एक ऐसा अनुवांशिक रोग है, जिस पर सदियों तक भ्रांतियां बनी रहीं। पहले यह रोग अश्वेत अफ्रीकन लोगों का विकार माना जाता था। विज्ञान की प्रगति के साथ मालूम हुआ कि यह भारतवर्ष, अरब और मेडेटेरियन अफ्रीका के ऐसे देशों में व्याप्त है, जहां घने जंगल है और मलेरिया का प्रकोप है। आगे चलकर यह रोग रोजी-रोटी के तलाश में जाने वाले प्रवासी अश्वेत लोगों के माध्यम से अमेरिका और यूरोप तक पहुंचा। विश्व सिकल दिवस के अवसर विश्व समुदाय एकजुट होकर लाखों सिकल ग्रसित परिवारों को संबल प्रदान करता है-जो इस अनुवांषिक व्याधि से व्यथित है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने विशेष रुप से कहता है कि सभी प्रभावित देशों एवं पंजीकृत सेवा संस्थाओं को एकजुट होकर सिकल रोग पर जन-चेतना का प्रसार और इलाज का प्रयास करना होगा। हमें सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार और आवष्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देना होगा।



***भारतवर्ष में सिकल सेल:*** वर्ष 1952 तक भारतवर्ष में इस बीमारी पर जानकारी का अभाव था। समय के साथ ज्ञात हुआ कि भारत के कुछ प्रदेशों के अदिवासी पिछड़े और वंचित लोगों का एक बड़ा वर्ग इस अनुवांशिक व्याधि से प्रभावित है। यहां यह बतलाना आवश्यक है कि विकसीत और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक बजट में एक बहुत बड़ा गेप या अन्तर है। हमें एकजुट होकर सिकल रोग से व्याधित व्यक्तियों के परिवारों को संबल और सहायता पहुंचाना है-जो इस वंशानुगत रक्त विकार के साथ जी रहे हैं। वर्ष 2026 का विश्व सिकल दिवस का दिन सिर्फ जनजागरण का दिन नही हैं बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत के लिए एक वैश्विक अभियान भी है।

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ ही राज्य में सिकल सेल व्याधि पर संज्ञान लिया गया। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में वर्ष 2008 को सर्वसम्मति से सिकल सेल पर नियंत्रण का संकल्प भी सर्वसम्मति से पास हुआ। रायपुर में सिकल सेल रोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के आयोजन में विश्व का ध्यान आकर्षित करने का प्रस्ताव पारित कर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल कार्यो को प्रगति तब मिली जब भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसका संज्ञान लिया। विगत वर्ष सिकल सेल की रोकथाम के लिये ''मिशन मोड'' पर वृहत प्रयास का प्रारंभ करते हुये, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मध्यप्रदेश के शहडोल में एक विशेष ''सिकल नियंत्रण केन्द्र'' की स्थापना की। प्रारंभिक तौर पर यह भारतवर्ष के 17 प्रभावित राज्य के 275 जिलो के आदिवासी क्षेत्रे में सिकल रोग सर्वेक्षण रोकथाम एव जनजागरण का प्रयास मिशन मोड में करेगा।

प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल व्याधि के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। भविष्य में हम सिकल गाथा की पूर्ण समाप्ति की ओर बढ़ रहे। आइए हम सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार, और आवश्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देने का प्रयास करें ताकि प्रत्येक रोगी को वह गुणवत्ता पूर्ण देखभाल और उपचार मिल सके-जिसका वह हकदार है।

*लेखक- पूर्व अध्यक्ष, प्रोजेक्ट सिकल छत्तीसगढ़ एवं पूर्व चेयरमेन भारतीय रेड क्रास सोयायटी छत्तीसगढ़ प्रदेश*

# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित

**दर्शन**

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें



संकलित

**प्रेरणा**

महाकवि कालिदास रास्ते में थे। प्यास लगी। वहां एक पनिहारिन पानी भर रही थी। कालिदास बोले- माते! पानी पिला दीजिए बड़ा पुण्य होगा। पनिहारिन बोली- बेटा मैं तुम्हें जानती नहीं। अपना परिचय दो। मैं पानी पिला दूंगी। कालिदास ने कहा- मैं मेहमान हूँ, कृपया पानी पिला दें। पनिहारिन बोली- तुम मेहमान कैसे हो सकते हो ? संसार में दो ही मेहमान हैं। पहला धन और दूसरा यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। सत्य बताओ कौन हो तुम ? तर्क से पराजित कालीदास अवाक रह गए। कालिदास बोले- मैं सहनशील हूं। अब आप पानी पिला दें। पनिहारिन ने कहाः नहीं, सहनशील तो दो ही हैं। पहली, धरती जो पापी-पुण्यात्मा सबका बोझ सहती है। उसकी छाती चीरकर बीज बो देने से भी अनाज के भंडार देती है, दूसरे पेड़ जिनको पत्थर मारो फिर भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं। सच बताओ तुम कौन हो? कालिदास मूर्च्छा की स्थिति में आ गए और तर्क-वितर्क से झल्ला उठे! कुछ बोल न सकने की स्थिति में कालिदास वृद्धा पनिहारिन के पैर पर गिर पड़े और पानी की याचना में गिड़गिड़ाने लगे! वृद्धा ने कहा- उठो वत्स! आवाज़ सुनकर कालिदास ने ऊपर देखा तो साक्षात माता सरस्वती वहां खड़ी थी, कालिदास पुनः नतमस्तक हो गए। मां ने कहा- शिक्षा से ज्ञान आता है न कि अहंकार से। तूने शिक्षा के बल पर प्राप्त मान और प्रतिष्ठा को ही अपनी उपलब्धि मान लिया और अहंकार कर बैठे इसलिए मुझे तुम्हारे चक्षु खोलने के लिए ये स्वांग करना पड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पूजा स्थलों का धन चुराना महापाप

चोरी को अपने आप में ही महापातक माना जाता है। बताते हैं कि चोरी करने से मिलने वाला पाप लगभग ब्रह्महत्या, गुरुहत्या, गौहत्या के ही बराबर होता है। और जो धार्मिक, आध्यात्मिक स्थल (मंदिर) में चोरी करे, उसके पापों का हिसाब लगाया जा सकता है। लेकिन कुछ और तथ्यों की जांच-पड़ताल और जानकारी भी बहुत जरूरी है। सामान्य और विशेष, सभी परिस्थितियों में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, गोम्पा व अन्य पूजा स्थल पर चढ़ावे के रूप में प्राप्त होने वाले करोड़ों-अरबों रुपए का लोग क्या करते हैं, कितना धन जनसेवा, लोक कल्याण में लगता है, और कितना व्यक्तिगत रूप से प्रयोग/दुरुपयोग किया जाता है। ऐसा भी अक्सर देखने में आता है कि बहुत सारे लोग इस प्रकार के धन से अपने संपूर्ण परिवार को न सिर्फ पालते ही हैं, बल्कि ऐश्वर्य, वैभव की जिंदगी जीते हैं।

*- विवेक चौहान, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# हाल के वर्षों में 'योग' चीन में काफी लोकप्रिय हो गया



चीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत की प्राचीन आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति योग और चीन की 'एक्यूपंक्चर' और मार्शल आर्ट्स दोनों देशों के बीच साझा सभ्यतागत संबंधों को दर्शाते हैं। चीन अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (सीआईडीसीए) के अध्यक्ष लूओ जोहुई ने बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा- हाल के वर्षों में योग चीन में बहुत लोकप्रिय हो गया है। इसी तरह, चीन की एक्यूपंक्चर और मार्शल आर्ट्स भारत में काफी मशहूर है। उन्होंने इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी की पुस्तक 'माय फाइव टू थ्राइव' का विमोचन किया। यह पुस्तक श्वास तकनीकों और योग पर आधारित है। लुओ ने यह टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले की, जो हर वर्ष चीन में उत्साह के साथ मनाया जाता है। योग दिवस हर साल 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी थी। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास शुक्रवार को एक बड़ा योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके बाद चीन में भारत के अन्य मिशन भी कार्यक्रम आयोजित करेंगे। चटर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि सांस लेना मानव जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है और श्वास संबंधी तकनीकें बेहतर जीवन जीने में मदद करती हैं।

## ऑफ बीट

# विश्व का सबसे बड़ा जलवायु खतरा जो दिखता नहीं



अटलांटिक महासागर की गहराइयों में पानी का एक विशाल प्रवाह उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से गर्मी को ग्रीनलैंड की ओर ले जाता है। इसे 'अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन' कहा जाता है। यह पूरी प्रक्रिया अधिकांशतः हमारी नजरों से दूर होती है, इसलिए वर्षावनों, ध्रुवीय हिम आवरण या जलवायु को नियंत्रित करने वाली अन्य विशाल प्रणालियों जैसी सार्वजनिक पहचान इसे नहीं मिली। हाल के अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि यह प्रणाली कमजोर पड़ रही है। यदि इसकी गति और धीमी होती है तो दुनिया के लगातार गर्म होने के बावजूद उत्तरी यूरोप में सर्दियां कहीं अधिक ठंडी हो सकती हैं। इसके साथ ही उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की मानसून प्रणालियों में बदलाव हो सकते हैं और अमेरिका के पूर्वी तट पर समुद्र का स्तर अचानक बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों की लगातार चेतावनियों के बावजूद एएमओसी बिरले ही सुर्खियों में आ पाता है। इसका एक कारण मीडिया स्वामित्व और संपादकीय सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन इसके पीछे एक और वजह भी है। दरअसल, एएमओसी आधुनिक पत्रकारिता के सामने एक अनोखी चुनौती पेश करता है। इसे समझना ही नहीं, इसकी कल्पना करना भी कई लोगों के लिए मुश्किल है, क्योंकि अटलांटिक महासागर की गहराइयों में धीरे-धीरे और लगभग खामोशी से संचालित होता है।

## ट्रेंड

### विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति



मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास व विरासत के संगम का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं। इन वर्षों में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण हुआ व पीएम आवास, आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति दी। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### शानदार हज



इस साल का हज इतिहास का सबसे शानदार हज था। हजारों की संख्या में हाजियों ने सरकार का शुक्रिया अदा किया है...इस शानदार हज के कारण भारत को दो पुरस्कार मिले हैं। 1.75 लाख हाजियों का फीडबैक अच्छा रहा...सब काम समय पर हुआ। पहली बार 'शॉर्ट ड्यूरेशन हज' की शुरुआत की गई। **-किरेन रीजीजू,** केंद्रीय मंत्री

### नीटः 1.32 लाख करोड़ खर्च



हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्रों से सिस्टम के जरिए 1.32 लाख करोड़ खर्च कराए जाते हैं। यह रकम देश के शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है। मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि सरकार ने पसंदीदा कारोबारियों के जो लोन माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपये हैं। **-प्रियंका गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### भ्रष्टाचार खत्म होगा



पश्चिम बंगाल कर नई भाजपा सरकार ने उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, जिन्हें पिछली सरकार का संरक्षण प्राप्त था। सरकार धमकाने की संस्कृति और भ्रष्टाचार के गिरोहों को भी खत्म करेगी।' प्रदेश का संपूर्ण विकास होगा। **-आर. एन. रवि,** राज्यपाल, बंगाल

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### डॉ.मोहन यादव सरकार के प्रयासों से प्रदेश की धरती दुग्ध क्रांति के लिए तैयार

# मध्यप्रदेश की धरती पर दुग्ध क्रांति से आई समृद्धि, पशुपालक हुए खुशहाल

## पशुपालकों को बड़ी राहत

मध्यप्रदेश में पशुपालकों और डेयरी व्यवसाय से जुड़े किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से पशुपालकों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के तहत पशुपालक बिना किसी जमानत के 1 लाख 60 हजार रुपए तक का लोन प्राप्त कर सकते हैं। इससे पशुपालकों को पशु खरीदने, चारा व्यवस्था करने, डेयरी व्यवसाय बढ़ाने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिल रही है। सरकार का मानना है कि पशुपालन और डेयरी गतिविधियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। आसान ऋण सुविधा मिलने से छोटे और मध्यम पशुपालकों को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इससे उनकी आय बढ़ रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं।

**प्रतिदिन 12 लाख लीटर दूध कलेक्शन 1300 नई गौशालाओं का निर्माण**



मध्यप्रदेश में गौपालन की समृद्ध परम्परा को आगे बढ़ाते हुए अब डॉ. मोहन यादव सरकार मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध क्रांति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दुग्ध व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन का माध्यम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों की समृद्धि के नये द्वार खुल रहे हैं। डेयरी सेक्टर में निवेश बढ़ाने के लिए कार्ययोजना सरकार आगे बढ़ रही है। इस सेक्टर में गाँवो में ही रोजगार की नई सम्भावनाएं मौजूद हैं। दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों और पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने सरकार अब मिशन मोड पर काम कर रही है। आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल में पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की भागीदारी को बढ़ाया जा रहा है। पशुधन के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थानीय स्तर पर सुविधा मुहैया कराने के लिए ग्वालियर में पशुओं का केयर एंड वेलनेस सेंटर खोलने, ग्वालियर के पशु स्वास्थ्य एवं उपचार केन्द्र का उन्नयन करने तथा डबरा में नया पशु चिकित्सालय खोलने की घोषणा के साथ ही इस दिशा में काम शुरू हो चुका है।

## डेयरी उद्यमियों का बढ़ा मुनाफा

डेयरी उद्यमिता को एक लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक से जुड़े 'रोजगार सृजन मॉडल' के रूप में स्थापित करने के लिए हर स्तर पर काम जारी है। फलस्वरुप प्रदेश में 9 लाख लीटर प्रतिदिन कलेक्शन बढ़कर 12 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। दूध कलेक्शन को 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। नस्ल सुधार, गौशालाओं को हाइटेक बनाने और स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। दो साल पहले तक प्रदेश में करीब 1800 गौशालाएं थीं। गौवंश सहायता राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति गौवंश करने के बाद 1300 नई गौशालाओं का निर्माण हुआ है।

## देश में प्रदेश को प्रथम बनाना ही लक्ष्य

वर्तमान में मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन के मामले में देश में तीसरे स्थान पर है, सरकार का लक्ष्य प्रदेश को पहले स्थान तक पहुंचाना है। इस दिशा में शुरू किए गए प्रयास अब सफल होते दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश में अब तक 1752 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। इसके साथ ही दुग्ध क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार द्वारा ग्वालियर डेयरी प्लांट के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। शिवपुरी डेयरी प्लांट को फिर सक्रिय कर नया जीवन दिया गया है। वहीं, इंदौर में प्रतिदिन 3 लाख लीटर क्षमता वाले मिल्क पाउडर प्लांटकी शुरुआत की गई है। सरकार का मानना है कि इन ठोस प्रयासों से प्रदेश को दुग्ध उत्पादन और विपणन के क्षेत्र में नई पहचान मिल रही है और मध्यप्रदेश तेजी से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है।

### गौशाला के लिए 10 लाख का अनुदान

हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और हर किसान, पशुपालक, दुग्ध उत्पादक को आत्मनिर्भर बनाने में डेयरी सेक्टर को मजबूत बनाया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन के जरिए आर्थिक स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास हो रहा है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर दूध उत्पादन बढ़ाने की ओर कदम बढ़ा दिया है। नई-नई गौशालाएं खोली जा रही हैं। मात्र 25 गायों की गौशाला खोलने वाले पशुपालक को सरकार 10 लाख रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी दे रही है।

### ऐसे आएगी दुग्ध क्रांति

देश में मध्यप्रदेश की दुग्ध उत्पादन हिस्सेदारी
**9.12 प्रतिशत**
**************
देश में स्थान
**तीसरा**
**************
वार्षिक दुग्ध उत्पादन
**2.13 करोड़ टन से अधिक**
**************
नई दुग्ध सहकारी समितियां
**7000+**
**1752 नई गठित**
**************
30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का मिल्क पाउडर संयंत्र
**इंदौर में प्रारंभ**
**************
**153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित**

### मोबाइल ऐप बताएगा दूध का पूरा हिसाब

# डिजिटल क्रांति से 'दुग्ध क्रांति' की तरफ तेजी से बढ़ रहे कदम




मध्यप्रदेश में डिजिटल क्रांति से मिल्क क्रांति की तरफ तेजी से बढ़ते कदम बढ़ रहे हैं। वजह ये है कि डेयरी सेक्टर अब तेजी से डिजिटल हो रहा है। किसानों को दूध का सही दाम और पूरी पारदर्शिता मिले, इसके लिए राज्य सरकार तकनीक का सहारा ले रही है। अब दुग्ध उत्पादकों को मोबाइल ऐप के जरिए तुरंत यह जानकारी मिल सकेगी कि उन्होंने कितना दूध दिया, उसकी गुणवत्ता क्या है और उन्हें कितना भुगतान मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अधिकारियों को समय-सीमा तय कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का लक्ष्य डेयरी गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाना और प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाई तक ले जाना है। प्रदेश में दुग्ध संकलन के लिए अब मोबाइल ऐप आधारित व्यवस्था शुरू की जा रही है। इस ऐप के जरिए दूध देने वाले किसानों को तुरंत दूध की मात्रा, गुणवत्ता और उसके मूल्य की जानकारी मिल जाएगी। इससे भुगतान में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों का भरोसा मजबूत होगा। इसके साथ ही क्षेत्रीय संचालन और विपणन कार्य में लगे मैदानी अमले की निगरानी के लिए फील्ड फोर्स मॉनीटरिंग ऐप भी शुरू किया गया है। इससे डेयरी नेटवर्क की मॉनीटरिंग बेहतर होगी और कामकाज में तेजी आएगी।

### राज्य स्तर पर फेडरेशन

योजना के मुताबिक पहले जिला स्तर पर नस्ल आधारित एसोसिएशन बनाई जाएंगी। इसके बाद चुनाव कराकर राज्य स्तरीय कार्यकारिणी गठित की जाएगी। शुरुआती दौर में इन संगठनों का संचालन प्रशासनिक सहयोग से होगा, लेकिन 3 से 5 साल के भीतर इन्हें पूरी तरह स्वायत्त बना दिया जाएगा। बाद में इनका संचालन खुद पशुपालक करेंगे। सरकार इन संगठनों को तकनीकी प्रशिक्षण, फडिंग और मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की मदद भी उपलब्ध कराएगी, ताकि प्रदेश की देसी नस्लों को नई पहचान मिल सके। इस मॉडल के लागू होने के बाद पशुपालकों की आय केवल दूध बेचने तक सीमित नहीं रहेगी। फेडरेशन के पास शुद्ध नस्ल की ब्रीडिंग का अधिकार होगा, जिससे अच्छी नस्ल के पशुओं की बाजार कीमत बढ़ेगी। पशुपालक नस्ल आधारित पशुओं की बिक्री कर अतिरिक्त आय कमा सकेंगे। इसके अलावा चारा, दवाइयां और पशुपालन से जुड़े उपकरण थोक में खरीदने से लागत भी कम होगी।

### गांवों में बड़ा बदलाव

# मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना बन गई राज्य में समृद्धि की मिसाल



मध्यप्रदेश सरकार पशुपालकों और किसानों की आय बढ़ाने के लिए डेयरी क्षेत्र को लगातार मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के जरिए पशुपालकों को बड़ा लाभ देने की पहल की है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 2 मुर्रा भैंसें उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि वे डेयरी व्यवसाय शुरू कर सकें और अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकें। योजना के तहत प्रति यूनिट लागत 2 लाख 95 हजार रुपए निर्धारित की है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को रोजगार और आय का मजबूत माध्यम बनाना है। मुर्रा नस्ल की भैंसों को अधिक दूध उत्पादन के लिए जाना जाता है। सरकार का मानना है कि इस योजना से पशुपालकों को बेहतर दुग्ध उत्पादन और स्थायी आय का अवसर मिलेगा।

### 75 प्रतिशत तक अनुदान

सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत तक सब्सिडी मिल रही है। इससे छोटे और आर्थिक रूप से कमजोर पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय शुरू करने में बड़ी मदद मिल रही है। डेयरी प्लस योजना के जरिए सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा किसान डेयरी व्यवसाय से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें।



# प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को मिले 1609 करोड़

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश को दुग्ध कैपिटल बनाने का लक्ष्य बनाया उन्हों जानकारों और संबंधित विभागों से चर्चा की। तय किया लाना है। नतीजा ये हुआ की एक व्यवस्थित रणनीति के तहत काम शुरु हुआ और प्रदेश में औसत दुग्ध संकलन 9.67 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दर्ज हुआ जो पिछले वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है। पिछले छह महीनों में यह 11 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से अधिक रहा। मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है और लक्ष्य इसे पहले स्थान पर पहुंचाने का है। प्रदेश में 1752 नई दुग्ध सहकारी समितियां गठित की गईं। तथा अंबेडकर कामधेनु, विद्यासागर गौसंवर्धन और डेयरी प्लस सहित कई योजनाएं संचालित की गईं।

**1609 करोड़ का दुग्ध उत्पादकों को भुगतान:** दुग्ध उत्पादकों को 2025-26 में 1609 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया जो पिछले वर्ष के 1398 करोड़ रुपये से 15 प्रतिशत अधिक है तथा प्रति लीटर खरीद मूल्य में 2.50 से 8.50 रुपये वृद्धि की गई। इंदौर में 3 लाख लीटर क्षमता का मिल्क पाउडर प्लांट शुरू किया गया तथा ग्वालियर प्लांट के आधुनिकीकरण और शिवपुरी डेयरी के पुनर्जीवन के कार्य हुए हैं। सांची ब्रांड के अंतर्गत घी की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़ी है तथा दही, छाछ और फ्लेवर्ड दूध की बिक्री में भी वृद्धि हुई है।

# दुग्ध संकलन के लिए मजबूत हुआ नेटवर्क

## सीएम डॉ.मोहन यादव के प्रयासों से 26 हजार गांव जुड़े

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में डेयरी सेक्टर को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। सरकार अब डेयरी नेटवर्क को गांव-गांव तक पहुंचाने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर विस्तार योजना पर काम कर रही है। डेयरी विकास योजना के तहत अगले चरण में प्रदेश के 26 हजार गांवों को डेयरी नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रतिदिन दुग्ध संकलन को बढ़ाकर 52 लाख किलोग्राम तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। इससे किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ेगी। सरकार केवल दूध उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि डेयरी सेक्टर को आधुनिक और तकनीक आधारित उद्योग के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। इसी उद्देश्य से नई डेयरी प्रोसेसिंग यूनिट, दुग्ध उत्पाद निर्माण इकाइयों और पशु चारा संयंत्रों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार का फोकस ऐसी व्यवस्था तैयार करने पर है, जिससे दूध की गुणवत्ता बेहतर हो और पशुपालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके।

### पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सीएम डॉ.यादव समृध्द बना रहे प्रदेश



**पशुपालकों का होगा सम्मान :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ने जिला स्तर पर डेयरी से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आदर्श पशुपालकों का सम्मान करने की योजना बनाई है। साथ ही दूधारू पशुओं की प्रदर्शनी और डेयरी संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य डेयरी व्यवसाय को पारंपरिक दायरे से बाहर निकालकर उसे रोजगार और उद्यम का बड़ा माध्यम बनाना है।

**बढ़ रहा डेयरी नेटवर्क :** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के बीच हुए कार्यअनुबंध के बाद प्रदेश में डेयरी नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2025-26 में 1752 नई दुग्ध समितियों का गठन किया है। इससे बड़ी संख्या में किसान और पशुपालक डेयरी गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।

**गुणवत्ता रखने पर जोर:** दूध की गुणवत्ता और सुरक्षित संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में 153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा दूध और दुग्ध उत्पादों की क्रेडिट पर बिक्री पूरी तरह बंद कर दी गई है, ताकि भुगतान व्यवस्था अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बन सके।






### 50 हजार से शुरू किया काम, आज हर महीने बढ़ रही आमदनी

# धार की सुनीता लखपति दीदी बनी, दुग्ध उत्पादन से कमा रही हर माह 45 हजार रुपए

- दूध के साथ घी, पनीर, मक्खन से कमाई
- अन्य महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा

धार जिले के उमरबन विकासखंड के मलनगांव की रहने वाली सुनीता धांगड़ ने मेहनत और हौसले के दम पर अलग पहचान बनाई है। कभी आर्थिक परेशानियों से जूझने वाली सुनीता आज सफल डेयरी व्यवसायी बन चुकी हैं। गांव में लोग अब उन्हें लखपति दीदी के नाम से पहचानते हैं। सुनीता साधारण ग्रामीण परिवार से हैं। 9 सदस्यों का परिवार खेती और थोड़े बहुत पशुपालन पर निर्भर था। कम आमदनी में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा था। कई बार घर के खर्च पूरे करना भी चुनौती बन जाता था। सुनीता की जिंदगी में बड़ा बदलाव तब आया, जब वे बाबा रामदेव स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से उन्हें 50 हजार की आर्थिक मदद मिली। इस पैसे से उन्होंने एक भैंस खरीदी और दूध बेचने का काम शुरू किया। यहीं से उनकी सफलता की शुरुआत हुई।सुनीता हर महीने 40 हजार से 45 हजार तक की आय अर्जित कर रही हैं। वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।



### सरकारी योजना का लाभ मिला फिर लग गए कामयाबी के पंख

समूह के सहयोग और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की मदद से सुनीता को 2 लाख रुपए का ऋण मिला। इस राशि से उन्होंने तीन अच्छी नस्ल की भैंसें खरीदीं। धीरे-धीरे उनका डेयरी व्यवसाय बढ़ने लगा। अब वे स्थानीय बाजार के साथ डेयरी कंपनियों को भी दूध सप्लाई कर रही हैं। सुनीता ने घी, मक्खन और पनीर बनाकर बिक्री शुरू की। इससे उनकी आमदनी और बढ़ गई। सरकारी सहायता से पशुओं के लिए शेड भी बनवाया है।

D-16014/26






बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल


एआई इमेज

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।

घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

## मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

## इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!


एआई इमेज

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया



साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## जैकेट के शेष

### दीक्षा के 50 साल .....

म.सा. समुदायवर्ती, कच्छ प्रदेश में जन्म लेकर दीक्षा ग्रहण करने वाले महान संत श्री जयानंद मुनिजी महाराजा के शिष्यरत्न श्री विनयकुशल मुनिजी ने देशभर के संघों की विनती को स्वीकार करते हुए यह पद ग्रहण किया। खास बात यह है कि वे 'श्री मोहनलालजी म.सा. समुदाय' के प्रथम आचार्य बने हैं। अब वे गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनचंद्रसूरिश्वर जी महाराजा के रूप में जिनशासन की पताका को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का दायित्व संभालेंगे। यह केवल एक पदवी नहीं, बल्कि उनके तप, त्याग, ज्ञान, विनय और गुरुभक्ति की दीर्घ साधना का दिव्य प्रतिफल है। इसी सभा में श्री जिन पीयूश सागर सूरिश्वर जी महाराजा के पावन निश्रा में श्री जिनसम्यक रत्न सागर सूरिश्वर जी महाराजा सहित 41 साधु-सानि इस कार्यकम में पधार कर निश्रा एवं सानिध्य प्रदान किया। धर्म सभा में तपस्वी सम्राट विरागमुनि जी ने अपने उद्गार व्यक्त किए साथ ही राष्ट्रसंत नेपाल केसरी मणिभद्र ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित की। नव आचार्य को देशभर के संघों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित कई दिग्गज शामिल हुए और नव-प्रतिष्ठित आचार्य श्री तथा 14 वर्षीय शतावधानी बाल मुनि श्री हंसभद्र मुनि जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### युद्ध खत्म, ईरान ....

दिए गए हैं, जबकि बदले में उससे बहुत कम हासिल किया गया है। यह समझौता कई दिनों से गोपनीयता और भ्रम की स्थिति में घिरा रहा था। अमेरिकी अधिकारियों ने सप्ताहांत में ट्रंप और उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस द्वारा इस समझौते पर डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने की जानकारी देने के बाद भी इसकी शर्तों का खुलासा करने से इंकार कर दिया था। ट्रंप ने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वर्साय महल में रात्रिभोज के दौरान समझौते की कागजी प्रति पर हस्ताक्षर किए।

### नौवीं के छात्रों को तीन ....

ऑफ पीपल फॉर एक्टिव डेमोक्रेसी' की याचिका को इस मुद्दे पर पहले से लंबित ऐसी ही याचिकाओं के साथ जोड़ दिया।

### पति ने किया ....

पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं महिला ने भी सूरजपुर जिले में आकर प्रेस कांफ्रेंस कर मदद की गुहार लगाई है। 32 वर्षीया महिला तारा बाई घसिया का आरोप है उसने 15 साल पहले सूरजपुर जिले के रुनियाडीह निवासी जितेन्द्र घसिया के साथ भागकर प्रेम विवाह किया था। महिला और जितेन्द्र घसिया के चार बच्चे हैं। वर्तमान में महिला को उसके बच्चे और पति ने छोड़ दिया है ऐसे में वह अकेले ही रहती है। महिला पर अवैध संबंध का आरोप लगाकर उसे परिवार से अलग किया गया था।

### सभी मंत्री अचानक ....

को जो काम दिए गए हैं, उसकी समीक्षा हुई है। आगामी दिनों में संगठन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। देश में मोदी सरकार के कार्यकाल के 12 साल पूरे हुए हैं। इस संबंध में चर्चा की गई है और केंद्र सरकार के कामकाज को जनता तक पंहुचाने का प्रयास करेंगे। साय सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों को लेकर साफ किया गया है कि सब कुछ ठीक-ठाक है। मंत्रिमंडल को लेकर जो कयास लगाए जा रहे हैं, वे निराधार और निष्फल हैं।

## 'अपनी सुरक्षा खुद करो' अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने यूरोपीय देशों को लताड़ा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को नाटो देशों की बैठक में यूरोपीय सहयोगियों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने घोषणा की कि यूरोप में तैनात अमेरिकी सैन्य बलों की अगले छह महीनों में व्यापक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी इस बात पर निर्भर करेगी कि यूरोपीय देश अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी कितनी तेजी और गंभीरता से अपने हाथ में लेते हैं। ब्रुसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए हेगसेथ ने कहा कि यह केवल औपचारिक समीक्षा नहीं होगी, बल्कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यूरोप अपनी रक्षा का नेतृत्व स्वयं करे और अमेरिका पर निर्भरता कम करे। हेगसेथ ने आरोप लगाया कि ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई के दौरान कुछ यूरोपीय सहयोगियों ने अमेरिकी सेना को अपने सैन्य अड्डों, हवाई मार्गों और आवश्यक सुविधाओं के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने हेतु निविदा सूचना**

कम सं (1): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-101-26-27, दिनांक 12.06.2026 कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लेवल कॉसिंग पर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना। निविदा मूल्यः ₹ 2,99,59,822.99/-। अमानत राशिः ₹ 5,99,200.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह। निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः दिनांक 30/06/2026 के 11:00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः दिनांक 14/07/2026 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/212 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांकः 18-सीईई-सी-एसईसीआर-2026, दिनांकः 12/06/2026

**कार्य का नामः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर डिवीजन में (i) मरोदा यार्ड में दुर्ग दिशा की लाईन से दल्लीराजहरा लाइन तक वाई-लिंक लाइन का निर्माण और (ii) भिलाई में सेंट्रलाइज्ड सिक लाइन और उससे जुड़े विकास कार्यों के लिए 1x25 केवी, 50 हर्ट्ज ए.सी., सिंगल फेज वाला विद्युतीकरण का काम"।

**निविदा मूल्यः** रू. 92,61,220.27 (बानवे लाख इकसठ हजार दो सौ बीस रूपये और सतासी पैसे) मात्र। **बयाना राशिः** रू. 1,85,200/- (एक लाख पचासी हजार दो सौ रूपये मात्र)।

**निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 07-07-2026 को 15:30 बजे। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः** 07-07-2026 को 15:45 बजे। **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 (बारह माह) एल.ओ.ए. जारी होने के तारीख के बाद से।

**वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थानः** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/ देख सकते हैं।

सहायक कार्यपालन विद्युत अभियंता(निर्माण)
सीपीआर/10/213 द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail


## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ में महिलाओं का...

में हर पांचवा वयस्क पुरुष हाईपर टेंशन का शिकार है। इसके पीछे तेजी से बदलती जीवन शैली, खान-पान के तरीके शारीरिक श्रम में कमी एक बड़ी वजह है। यह तथ्य निकलकर आया है राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 में। इसके ताजा आंकड़े बताते हैं कि राज्य में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग हर पांचवे पुरुष और महिला में उच्च रक्तचाप (हाईपरटेंशन) की समस्या मौजूद है।

**मधुमेह और मोटापे से भी जुड़ रहा खतरा** : इसी सर्वेक्षण में मधुमेह और मोटापे के बढ़ते मामलों की भी तस्वीर सामने आई है। महिलाओं में 20.3 प्रतिशत और पुरुषों में 16.1 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे की श्रेणी में हैं। वहीं उच्च रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) के मामले भी बढ़े हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप एक-दूसरे से जुड़े जोखिम कारक हैं और इनके कारण हृदय रोग, स्ट्रोक तथा किडनी संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**क्यों चिंता का विषय है हाईप रटेंशन?** : उच्च रक्तचाप को अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती चरण में इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। कई लोगों को वर्षों तक यह पता ही नहीं चलता कि उनका रक्तचाप सामान्य सीमा से ऊपर है। समय पर पहचान और उपचार न होने पर यह हृदयाघात, ब्रेन स्ट्रोक, किडनी फेलियर और दृष्टि संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है।

### शहरी पुरुषों पर...

परिस्थितियां जोखिम को बढ़ा सकती हैं। सर्वेक्षण में 11.6 प्रतिशत पुरुषों का रक्तचाप मध्यम स्तर तक बढ़ा हुआ पाया गया, जबकि 3.2 प्रतिशत पुरुष गंभीर उच्च रक्तचाप की श्रेणी में थे।

### महिला-पुरुष दोनों को...

खाद्य पदार्थों का बढ़ता उपयोग, नमक और वसा की अधिक मात्रा, तनाव तथा शारीरिक श्रम में कमी इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं।

### महिलाओं में हाई ब्लड...

एचजी या उससे अधिक, या रक्तचाप नियंत्रित करने की दवा लेने वाली) का प्रतिशत 2019-21 में 23.6 प्रतिशत था, जो 2023-24 में घटकर 18.4 प्रतिशत रह गया है।

### पांच महीने में बस्तर की जमीन...

का सर्च अभियान जारी रहेगा और इस अवधि में सुरक्षाबलों को यह प्रयास रहेगा कि आईईडी के खतरे को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। बता दें कि एक समय था जब करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ सर्वाधिक 23 दिन तक अभियान चलाया गया था और सबसे अधिक आईईडी भी इसी इलाके से बरामद की गई थी। गौरतलब है कि बस्तर क्षेत्र में माओवादी संगठन द्वारा वर्षों से सुरक्षा बलों की गतिविधियों को बाधित करने तथा स्थानीय जनता में भय का वातावरण बनाए रखने के लिए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता रहा है। सड़क मार्गों, पगडंडियों, जंगलों तथा संभावित ऑपरेशनल क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आईईडी लगाकर सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को निशाना बनाने का प्रयास किया जाता था। 2026 में बीते पांच माह में अब तक बस्तर रेंज में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 278 आईईडी बरामद किए गए जबकि इसी अवधि में मात्र 9 विस्फोट की घटनाएं दर्ज की गई। बस्तर पुलिस तथा केंद्रीय सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से आईईडी खतरे से निपटने के लिए विशेष रणनीति विकसित की है। नियमित रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) अभियान, बम निरोधक दस्तों की तैनाती, अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग, तकनीकी निगरानी तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त सटीक सूचनाओं के आधार पर बड़ी संख्या में विस्फोटकों को समय रहते बरामद और निष्क्रिय किया गया है। परिणामस्वरूप माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों एवं नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास लगातार विफल हो रहे हैं और उनकी संचालन क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि माओवादी कैडरों द्वारा पूर्व में लगाए गए अधिकांश आईईडी को हम सफलतापूर्वक खोजकर निष्क्रिय कर चुके हैं फिर भी पूरे क्षेत्र को पूर्णतः आईईडी-मुक्त घोषित करने से पहले अत्यधिक सतर्कता बरतना और व्यापक सर्च अभियान चलाना आवश्यक है। सुरक्षा बलों की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी विस्फोटक उपकरण छूट न जाए और नागरिकों तथा सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित हो।

### पेरिस में बोले मोदी...

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए कहा कि भारत के लिए 'एआई' का सीधा मतलब 'ऑल इंक्लूसिव' यानी सबका समावेश और सबका कल्याण है।

### 2028 के लिए रणनीति की नींव...

सबसे बड़ी वजह मानती है। इसी को दूर करने के लिए जिला अध्यक्षों को फील्ड विजिट व सोशल एक्टिविटी का फॉर्मूला सिखाया जाएगा। राहुल गांधी की एक दिन की ट्रेनिंग को मिशन 2028 की बड़ी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।

### प्रशिक्षण शिविर में ....

स्थित प्रशिक्षण स्थल के लिए रवाना होंगे। शाम 5:30 बजे तक जिला अध्यक्षों को संगठन, फील्ड विजिट और सामाजिक-राजनैतिक एक्टिविटी पर ट्रेनिंग देंगे। वे 6:40 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि अभनपुर के अग्रवाल रिसोर्ट में 20 से 29 जून तक जिलाध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित है। यह शिविर पूरी तरह आवासीय होगा। एआईसीसी का प्रशिक्षण विभाग इसकी जिम्मेदारी संभालेगा। जिला अध्यक्षों को फील्ड विजिट, सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों और जमीनी राजनीति का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत कर सकें।

**2028 के लिए रणनीति की नींव** : कांग्रेस का संगठन सृजन के बाद यह पहला बड़ा प्रशिक्षण है। कांग्रेस 2023 की हार के बाद बूथ स्तर की कमजोरी को सबसे बड़ी वजह मानती है। इसी को दूर करने के लिए जिला अध्यक्षों को फील्ड विजिट व सोशल एक्टिविटी का फॉर्मूला सिखाया जाएगा। राहुल गांधी की एक दिन की ट्रेनिंग को मिशन 2028 की बड़ी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।


### परिजनों का आरोप, हत्या ....

परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना को अंजाम देने वाले लोग लंबे समय से क्षेत्र में प्रभाव के दम पर अवैध गतिविधियों का संचालन करते रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि घटना के दौरान पीड़ितों के साथ मारपीट की गई तथा लाठी, डंडे और अन्य हथियारों का उपयोग किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि यह कोई सामान्य आपराधिक घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित और जघन्य हत्याकांड है। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि मामले में कुछ रेत कारोबारियों और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका भी हो सकती है। इसलिए केवल स्थानीय स्तर की जांच पर्याप्त नहीं होगी। उन्होंने पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच कराकर साजिश में शामिल सभी लोगों की पहचान करने और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### इलाके में तनाव, धारा ....

साथ ग्राम नौगई पहुंचे थे। इस दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मनोज त्रिपाठी के घर के सामने विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। प्रतिवेदन के अनुसार मनोज त्रिपाठी, निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा भरत सिंह के वाहन फॉर्च्यूनर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई तथा उनके साथियों के साथ मारपीट की गई। घटना में भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल नागेन्द्र सिंह एवं विरेन्द्र सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## भारतीय सेना के 40 जवानों की टुकड़ी मंगोलिया रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की एक जांबाज टुकड़ी बहुपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्सरसाइज खान क्वेस्ट' में हिस्सा लेने के लिए मंगोलिया रवाना हो चुकी है। यह प्रतिष्ठित सैन्य अभ्यास 20 जून से 03 जुलाई 2026 तक मंगोलिया के उलानबटार स्थित 'फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया' में आयोजित किया जा रहा है। इस मिशन में भारतीय सेना के 40 जवानों की टुकड़ी शामिल है, जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से जाट रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही सेना के अन्य हथियारों और सेवाओं के विशेषज्ञ कर्मी भी इस दल का हिस्सा हैं।

## योगी का अयोध्या दौरा, चंपत राय नहीं करेंगे अगवानी

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में हुई चंदा चोरी का मामला सुर्खियों में है। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को लेकर विपक्ष भी हमलावर है। चंदा चोरी मामले की जांच शुरू हो गई है और 2 गिरफ्तारी भी हो चुकी है। इन सब के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 जून को अयोध्या दौरे पर हैं। हालांकि कार्यक्रम में चंपत राय नहीं दिखेंगे। योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने जो प्रोटोकॉल तैयार किया है, उसमें चंपत राय की जगह ट्रस्ट के किसी अन्य प्रतिनिधि को शामिल करने की बात कही गई है। यानी सीएम योगी के कार्यक्रम में ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व चंपत राय नहीं करेंगे।


**कार्यालय नगर पंचायत भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Phone No. 07705-296755 Email ID - cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/1962/SBM-U 2.0/2026-27 भखारा, दिनांक 18/06/2026

**द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु आनॅलाइन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार हैः-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम व स्थल विवरण | निविदा राशि (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 193675 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of BHAKHARA, Chhattisgarh (2nd Call) | 29.08 | 03.07.2026 5.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भखारा



**कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पिथौरा**

क्र.- 053-4600 / सामा. / 661 **बिजली बंद की सूचना** पिथौरा दिनांक 18/06/2026

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | सबस्टेशन का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.06.2026 (शनिवार) | 33/11 के.वी. सबस्टेशन पटेवा | 11 के.वी. पटेवा | पटेवा, जोगीडीपा |
| 2 | | 33/11 के.वी. सबस्टेशन पिथौरा श. | 11 के.वी. लहरीद | लहरीद शीतला मंदिर, पिथौरा अमरैयापारा, पिथौरा रावनभाठा नहरपार, लहरौद पड़ाव, रामसागरपारा, पिथौरा बारचौक, कर्मचारी कॉलोनी, भूसापारा, अंजली विद्यालय, नंदराज इण्ड्रीज, लहरौद पड़ाव ओवरब्रीज, उजाला पैलेस। |
| 3 | | 33/11 के.वी. सबस्टेशन झलप | 11 के.वी. छिदौंली | छिलपावन, टुरीडीह, छिदौली |
| 4 | 22.06.2026 (सोमवार) | 33/11 के.वी. सबस्टेशन पिथौरा ग्रा. | 11 के.वी. किशनपुर | लाखागढ़ टिकरापारा, हाउसिंग बोर्ड, पत्ता गोदाम के पीछे, लहरीद बस्ती, डिपोपारा, नयापारा खुर्द |
| 5 | | 33/11 के.वी. सबस्टेशन कौहाकुड़ा | 11 के.वी. कौहाकुड़ा | कौहाकुड़ा, हरदी, धनोरा, फुटगुना |
| 6 | | 33/11 के.वी. सबस्टेशन झलप | 11 के.वी. कोलपदर | कोलपदर, तुरेंगा,पाटनदादर, सरेकेल |
| 7 | 23.06.2026 (मंगलवार) | 33/11 के.वी. सबस्टेशन कौहाकुड़ा | 11 के.वी. ठाकुरदियाकला | ठाकुरदियाकला, बेलर, खसरूपाली, दुरूगपाली |
| 8 | | 33/11 के.वी. सबस्टेशन खैरखूंटा | 11 के.वी. टेका | गोपालपुर, कैलाशपुर, टेका, डोंगरीपाली, कौड़िया |

टीपः- 1) प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में शासन द्वारा दिये जा रहे अनुदान का लाभ उठायें।
2) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
3) स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।
4) विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है।

(बी. दीवान)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., पिथौरा



**कार्यालय नगर पंचायत- कोपरा, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**
Email ID- nagarpanchayatkopra@gmail.com

क्र./104/न.पं./लो.नि.वि./2026-27 कोपरा, दिनांक 17/06/2026

**// मैन्युअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत कोपरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) में अधोसंरचना मद अंतर्गत वित्तीय वर्श 2025-26 में निम्नानुसार निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/ पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रपत्रः। में प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building SOR w.e.f. 01.01.2015. PWD Road SOR 01.01.2025 से प्रतिशत दर (जी.एस.टी. सहित) पर (निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसार) आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रारूप विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

1. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डाक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - दिनांक 09.07.2026 समय सायं 3:00 बजे तक।
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - दिनांक 09.07.2026 समय सायं 4:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | फार्म का प्रकार | अनुमानित कुल लागत रूपये (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत कोपरा क्षेत्रान्तर्गत अधोसंरचना मद विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड़ एवं आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य (कुल कार्य 17) | A | 67.34 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट http://www.cguad.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

टीपः- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।
निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी. डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोपरा के नाम से देय होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत, कोपरा



**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा सूचना**

क्रं. 20/न.पा.नि./जोन क्रं.05/2026-27 दिनांक 17/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 02.07.2026 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड /सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 193618 | वार्ड क्र. 36 एमएलबी स्कूल से मधुबन चौक तक बी.टी.रोड | 33.10 | 30 / 06 / 2026 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
न.पा.नि बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.



**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत् किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) Concept के आधार पर 147 भू स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है-

| क्र. | स्टटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड़ में) | कुल रकबा (एकड़ में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज क आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ना.बा. प्रदयुम पिता बलराम यादव बली माँ भगवती बेवा बलराम | 296 | 232/3<br>466/2 | 0.17<br>0.84 | 1.01 | भगवती पति बलराम संबंध-पत्नी | नामांकन पत्र | बलराम पिता तीजराम | भगवती पति बलराम | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | ना.बा. प्रद्युम्न पिता बलराम यादव बलीं माँ भगवती बेला बलराम | भगवती पति बलराम | |
| | | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. सं. 104 | ना. बा. प्रदुयम पिता बलराम यादव बलीं माँ भगवती बेवा बलराम | | |
| | | | | | | | बी-1 वर्ष 2008-09 | ना.बा. प्रदुयम पिता बलराम यादव बलीं माँ भगवती बेवा बलराम | | |
| | | | | | | | पी-2 वर्ष 2008 से 2013 | ना.बा. प्रदुयम पिता बलराम यादव बली माँ भगवती बेवा बलराम | | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | ना.बा. प्रदुयम पिता बलराम यादव बलीं माँ भगवती बेवा बलराम | | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | बलराम पिता तीजराम | भगवति पति बलराम | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | भगवति पति बलराम | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | भगवती पिता मुरारी | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10 वीं) | | | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | भगवति पति बलराम | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | छेदीलाल पिता नंदलाल | भगवती बाई पिता बलराम | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व)
एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र
SECL/26-27/60


## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 6261

**बाएँसेदाए±**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

**शब्द पहेली -6260 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | वा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष्य | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 6271

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6270 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

रायपुर में मिलेगी अंतरराष्ट्रीय 'साइलेंट लग्जरी' की झलक

# रहेजा अवाना के 'एक्सपीरियंस सेंटर' का भव्य शुभारंभ कल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रियल एस्टेट क्षेत्र में लग्जरी आवासीय परियोजनाओं के नए दौर की शुरुआत होने जा रही है। शहर के प्रतिष्ठित डेवलपर रहेजा ग्रुप अपने अल्ट्रा-लग्जरी प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' के अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ 20 जून को कचना मेन रोड स्थित परिसर में करने जा रहा है। यह सेंटर संभावित ग्राहकों को प्रोजेक्ट की भव्यता, डिजाइन और जीवनशैली का वास्तविक अनुभव प्रदान करेगा।

रहेजा ग्रुप के अनुसार, यह एक्सपीरियंस सेंटर पारंपरिक सेल्स ऑफिस से अलग एक इमर्सिव स्पेस के रूप में विकसित किया गया है, जहां आगंतुक प्रोजेक्ट की आर्किटेक्चरल अवधारणा, स्पेस प्लानिंग, इंटीरियर विजन और 'साइलेंट लग्जरी' की परिकल्पना को करीब से महसूस कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक और आकर्षक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से यहां ग्राहकों को भावी निवास का जीवंत अनुभव मिलेगा। सिंगापुर के आर्किटेक्ट एंडी फिशर ने तैयार किया विश्वस्तरीय डिजाइन 'रहेजा अवाना' की सबसे बड़ी विशेषता इसका विश्वस्तरीय डिजाइन है, जिसे सिंगापुर के प्रतिष्ठित लग्जरी आर्किटेक्ट एंडी फिशर ने तैयार किया है। माना जा रहा है कि मध्य भारत में पहली बार किसी आवासीय परियोजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्किटेक्चर और भारतीय सांस्कृतिक सौंदर्यबोध का ऐसा समन्वय देखने को मिलेगा।



## प्रीमियम सुविधाओं और बेहतर कनेक्टिविटी से लैस प्रोजेक्ट

कचना लेक के सामने विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट ग्रैंड क्लब हाउस, प्राइवेट कोर्टयार्ड, डबल-हाइट इंटीरियर्स, टेम्परेचर कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक फिटनेस स्टूडियो, प्रोफेशनल बैडमिंटन कोर्ट और विस्तृत लैंडस्केप्ड गार्डन्स जैसी प्रीमियम सुविधाओं से सुसज्जित होगा। साथ ही इसकी लोकेशन रिंग रोड नंबर-3, विधानसभा रोड, एयरपोर्ट, प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य सुविधाओं से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

बिजनेस साइट

# ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पार किया 50,000 करोड़ रुपए के कारोबार का आंकड़ा

**कोच्चि।** ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने संचालन के नौवें वर्ष में 50,000 करोड़ रुपये के कुल कारोबार का महत्वपूर्ण माइलस्टोन हासिल कर लिया है।

इस अवसर पर ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. पॉल थॉमस ने कहा कि 50,000 करोड़ रुपये के कारोबार का आंकड़ा पार करना बैंक की विकास यात्रा में गर्व का क्षण है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय ग्राहकों के विश्वास, कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और सभी हितधारकों के सहयोग को दिया। बैंक के अनुसार, यह उपलब्धि वित्तीय समावेशन, जिम्मेदार बैंकिंग और सामुदायिक विकास के प्रति उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक प्रभाव आधारित संस्था के रूप में शुरुआत करने वाला ईएसएएफ आज एक अखिल भारतीय बैंकिंग संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है और विशेष रूप से उन समुदायों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने पर केंद्रित है, जो अब तक औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से पूरी तरह नहीं जुड़ पाए थे। वर्तमान में बैंक 24 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 816 शाखाओं तथा 1,047 ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से 1.04 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 254 अंक चढ़ा



**मुंबई।** भू-राजनीतिक मोर्चे पर सकारात्मक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 254 अंक और निफ्टी में 82 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 254.36 अंक की बढ़त के साथ 77,409.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 77,492.33 अंक के उच्चतम और 76,953 के निचले स्तर तक गया।

# खरबपति बनने के बाद मस्क को पहला झटका, 24 घंटे में ही 53,298 करोड़ स्वाहा




**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में रिकॉर्ड आईपीओ के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को शेयर करीब 5 प्रतिशत टूट गए, जिससे लगातार तीन दिनों से जारी लगभग 50 प्रतिशत की तेजी पर विराम लग गया। इससे एलन मस्क को एक ही दिन में 56.4 अरब डॉलर यानी 53,298 करोड़ रुपए का झटका लगा। मस्क के नेटवर्थ में आई यह गिरावट भारत के कई अरबपतियों के जीवनभर की कमाई के बराबर है। हालांकि, एलन मस्क के पास अभी भी 1.26 खरब डॉलर की संपत्ति है। इस साल मस्क का नेटवर्थ 640 अरब डॉलर उछला है।

# भारत में 37 प्रतिशत कार्य पहले ही एआई कर रहा

**नई दिल्ली।** भारत में 'प्रवेश स्तर' की नौकरियों के लगभग 37 प्रतिशत कार्य पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) कर रहा है जबकि वैश्विक स्तर पर यह औसत 33 प्रतिशत से अधिक है।

एक संयुक्त अध्ययन में यह बात सामने आई। 'एंट्री-लेवल' भूमिकाएं से तात्पर्य उन कार्यों से है जिनके लिए बहुत ज्यादा अनुभव की जरूरत नहीं होती। कॉग्निजेंट एवं पियर्सन की रिपोर्ट अनुसार,



'प्रवेश स्तर' की भूमिकाएं अब तेजी से बदल रही हैं और कंपनियां कार्य निष्पादन से आगे बढ़कर एआई प्रणाली के साथ काम करने की दिशा में जा रही हैं।

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग**
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर–492001
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल: cserc.sec@cg.nic.in फोन नं. 0771-4073555
CSERC

**वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती हेतु दावा आपत्ति प्राप्त करने के संबंध में**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में वाहन चालक (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त 01 पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 11/07/2024 को जारी किया गया था।

प्राप्त आवेदनों के परीक्षण (Scrutiny) उपरांत पाये गये पात्र एवं अपात्र उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है।

आयोग की वेबसाईट में दर्शित उम्मीदवारों की सूची पर जिन उम्मीदवारों को किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है, वे उम्मीदवार दिनांक 13/07/2026 तक आयोग कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक 13/07/2026 के पश्चात प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं
सचिव

**कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

क्रमांक / 1869 / भू-अर्जन / भूक्रनी / 2025 राजनांदगांव, दिनांक 05/06/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत परिक्रमा पथ लंबाई 8.00 कि.मी. के निर्माण कार्य हेतु प्रभावित ग्राम गाजमर्रा प.ह. नं. 29, रा.नि.मं. चौथना, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग, राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| क्र. | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे. में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती दशोदा बाई पिता अमर सिंग, जाति- गोंड़ | 174/5 | 0.218 | 0.040 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| 2 | श्री टीकम, नंदकुमार, विमला, यशोदा सभी पिता सियाराम, लीला बाई पति सियाराम, जाति- गोंड़ | 174/2 | 0.162 | 0.040 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| 3 | श्री गुरुबचन कौर पति जसबीर सिंह, जाति- सिक्ख | 175 | | | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | | 177 | | | |
| | | 179/5 | | | |
| | **योग** | **03** | **0.334** | **0.031** | **मुख्य मार्ग की भूमि** |
| 4 | श्री मथुरा बाई पति बखरू, जाति- लोधी | 186 | 1.922 | 0.120 | असिंचित भूमि |
| 5 | श्री प्रदीप, सोनबती, श्यामबाई, मनटोरा, किरण बाई सभी पिता अगराज, जाति- लोधी | 181/2 | 0.365 | 0.120 | असिंचित भूमि |
| 6 | कु . इंदरजीत कौर भाटिया, सतिंदर पिता स्व. बलबीर भाटिया जाति सिक्ख | 182/2 | 0.202 | | |
| | | 183/2 | 0.008 | | |
| | **योग** | **02** | **0.210** | **0.061** | **असिंचित भूमि** |
| 7 | पुनीता बाई पिता धनसिंग जाति गोंड़ | 183/3 | 1.214 | | |
| | | 183/4 | 0.809 | | |
| | **योग** | **02** | **2.023** | **0.270** | **असिंचित भूमि** |
| 8 | घनश्याम पिता उमराव, जाति महार | 179/2 | 0.060 | 0.060 | असिंचित भूमि |
| 9 | बिन्दा बाई, नैहर बाई, कंचन, ललिता सभी पिता भगोली जाति गोंड़ | 187/7 | 0.438 | 0.040 | असिंचित भूमि |
| | **महायोग :-** | **13** | **5.770** | **0.7820** | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

G-262701551/3

**कलेक्टर,
जिला-राजनांदगांव**

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक/168/ ADV/ 2026 नवा रायपुर, दिनांक : 17/06/2026

**संक्षिप्त विज्ञापन**

(1) छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के अंतर्गत "**सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी**" के 15 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 03/2026 /परीक्षा/ दिनांक 17/06/2026 जारी किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र "**रोजगार और नियोजन**" के अंक दिनांक 24/06/2026 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित है। उक्त विज्ञापन में दर्शित शर्तों के अनुसार रिक्त पदों, जिसका विवरण नीचे की तालिका में दर्शित है, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| स. क्रं | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलायों के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | योग | वेजन मेट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी | 4 | 1 | 3 | 2 | 1 | - | - | - | 3 (OA) 1 SC (OA) 1 ST (OA) | 10 | (स्तर-9) 38100-120400 |
| | कैरिफारवर्ड / बैकलॉग | 2 | 1 | 2 | - | - | - | - | - | | 5 | |
| | | | | | | | | | | कुल | 15 | |

Abbreviation Used: OA- One Arm

(2) विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी "**रोजगार और नियोजन**" के अंक दिनांक 24/06/2026 में देखे जा सकते हैं।
(3) उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि 1 जनवरी 2026 है, जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी।
(4)ऑनलाइन आवेदन दिनांक 22/06/2026 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 21/07/2026 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है।
(5) आयोग के वेब-साईट www.psc.cg.gov.in में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।
(6) आवदेक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्रमांक 03/2026 /परीक्षा/ दिनांक 17/06/2026 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें।
(7) रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है:- संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771-2512567.

**सही/-
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर**

G-262701559/1

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmacy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटों का मैडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसीपल (फ्रेशर बीएड), लेडी इंचार्ज, कम्प्यूटर टीचर, एवं अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम- मैथ्स, इंग्लिश, एसएसटी, एकाउंट, कॉमर्स, साइंस पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 19.06.2026 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.(RO-086)

REQUIREMENT- KENT INTERNATIONAL SCHOOL JHEET PATAN (CBSE ENGLISH MEDIUM) Walk in interview on 15, 16, 17 & 18 June 2026, time: 10 am to 2 pm PGT (PHYSICS, CHEMISTRY, BIOLOGY, ENGLISH, ECONOMICS, ACCOUNTANCY, BST, HISTORY, POLITICAL SCIENCE, P.E.) TGT (HINDI, SANSKRIT, ENGLISH) MUSIC TEACHER, ACCOUNTANT, RECEPTIONIST, TRANSPORT INCHARGE. contact: 7880111062. (RO-087)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार- अंग्रेजी माध्यम 6वीं से 10वीं- इंग्लिश, साइंस, सोशल साइंस, संस्कृत, पहली से पांचवीं- कम्प्यूटर, पर्यावरण, 6वीं से 8वीं कॉमर्स, इंग्लिश, 11वीं-12वी बी.एस.टी., हिंदी, फिजीक्स, मैथ्स, पीपी.2 हेतु शिक्षिकाओं, क्लर्क, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आयाबाई, चपरासी, साक्षात्कार 19.06.2026, प्रातः 10 बजे अश्वनीनगर: 0771-2241548. (RO-088)

**आवश्यकता है-** प्रकाश पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में सोशल साइंस, विज्ञान बीएड टीचर,कंप्यूटर टीचर, क्लर्क व आया महिला स्टाफ की आवश्यकता है संपर्क - सेक्टर -11,जोन - 1,खुर्सीपार भिलाई - 9399147944.(आरो न - 297)

**सिक्योरिटीगार्ड**

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-860)

**आवश्यकता है-** रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था उपलब्ध 9201958117, 8109080600. (RO-855)

क्लासीफाईड

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** होलसेल रेडीमेड कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- नंद होजयरी डिपो जय हिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल- 9243103125.(RO-227)

**आवश्यकता है-** किताब दुकान में कार्य हेतु परमानेंट पार्ट/ फूल टाइम युवक युवतियों, लड़कों (8वीं, 12वीं, स्नातक) की आवश्यकता है। वेतन पांच अंको में योग्यतानुसार। जैन बुक डिपो, सदर बाजार, रायपुर संपर्क करें- 8109535868. (RO-398)

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

**सिविल इंजीनियर**

**आवश्यकता है-** रायपुर विधानसभा रोड में निर्माण साइट वर्क के लिए मिनिमम 3वर्ष के अनुभवी एक सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है मोवा तरफ रहने वाले को प्राथमिकता संपर्क करे - 9893295998.(RO-4141)

**सेल्स मैनेजर**

**आवश्यकता है-** रायपुर में सुनहरा करियर अवसर रियल एस्टेट क्षेत्र में विस्तार हेतु सेल्स मैनेजर, डिप्टी सेल्स मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव एवं BDM पदों पर भर्ती। उत्कृष्ट संचार कौशल एवं अनुभव आवश्यक। आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन। सम्पर्क- 9589000680.(RO-41173)

**कुक**

**आवश्यकता है-** अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता घरेलू कार्य एवं खाना बनाने हेतु। समयः शाम 5 बजे से सुबह 9 बजे तक। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतनः 10,000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233.(आरो नं.- SPD/0059)

**आवश्यकता है-** घरेलु काम हेतु रायपुर में आवश्यकता है - खाना बनाने वाली बाई दिनभर /24 घंटे के लिये रहने खाने की सुविधा के साथ, कामवाली बाई/लड़की २४ घंटे , कुरियर बॉय, सम्पर्क करें- 9329127874, 6262115511. (RO-089)

**आवश्यकता है-** रायपुर चन्दखुरी पशु अस्पताल में 15-20 कर्मचारीयों के लिए नाश्ता और दो टाईम खाना बनाना हेतु कुक की आवश्यकता हैं। अच्छा वेतन, रहने खाने की सुविधा हैं। संपर्क- 72258-88800. (RO-090)

**डिजिटल मार्केटिंग**

Wanted- BBA B.Com BCA BA B.Sc MBA MSc Computer Science with 100% placement support, scholarship, internship and dual specialisation in Digital marketing etc. Indo Asian Academy, Bangalore www.indoasianacademy.com Email- enquiry@indoasianacademy.com/ bijaysombansi@gmail.com M- 9334421085. (RO-A)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मार्केटिंग मैनेजर**

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शो रूम में ग्रामीण में मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र / छत्तीसगढ़ी भाषा ज्ञान। अनुभवी 3 - 5 वर्ष । आकर्षक वेतन,इंसेंटिव, यात्रा भत्ता, संपर्क :- महावीर अशोक ज्वेलर्स, सदर बाजार, रायपुर 9303415141. (RO-7399)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** सुपेला भिलाई मे स्थित ब्रांडेड ऑटो रिक्शा के शोरूम मे 3 सेल्समेन, 1 कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है. अनुभवी को प्राथमिकता. वेतन योग्यतानुसार. मो. - 7909929991. (आरो न - 296)

**पैकिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** रायपुर, देवेन्द्र नगर में पैकिंग कार्य के लिए युवती की आवश्यकता है। वेतन 7000/- प्रति माह सम्पर्क करें- 9579931943.(RO-41197)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** टाटा एस चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है। ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें:- जी एम एस कोरियर, पंडरी, पुराना बस स्टैंड, रायपुर। मोबाइल :- 7067234931.(RO-meeth)

**आवश्यकता है-** भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955. (RO-63586)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती के फैक्ट्री में ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क- जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों.- 74699-80000, 0771-4075490. (RO-864)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर (उज्जैन इंदौर उदयपुर ) मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 7777800422, 9993044523. (Ro -366)

**गोडाऊन कीपर**

**आवश्यकता है-** सी एंड एफ में कार्य करने हेतु गोडाउन कीपर की आवश्यकता है। सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर। संपर्क - 6260655803. (मिलने का समय - 10 से 6) (RO-606)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन कर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्रसीमा (18 -42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 9129993295.(RO-081)

**Property प्रापर्टी**

**जमीन**

**जमीन बेचना है-** दुर्ग ग्राम नगपुरा में एक एकड़ बियासी डिसमीन जमीन सर्व सुविधा युक्त डामर रोड से लगा व्यवसायिक जमीन बेचना बेचना है है संपर्क करें मोबाइल नंबर 7587099540. (RO-om)

**For Rent किराया**

**किराये पर उपलब्ध-** बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355. (RO-40953)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस-** कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक ) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(RO-4347)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330








# कालेब यिरेनकी के अंतिम क्षणों के गोल से घाना जीता

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

कालेब यिरेनकी के दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में किए गए गोल की मदद से घाना ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एल के मैच में पनामा को 1-0 से हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। जब लग रहा था कि मैच गोलरहित बराबरी पर छूटेगा तब यिरेनकी ने ब्रैंडन थॉमस असांटे के क्रॉस पर गोल किया। थॉमस असांटे को बायीं ओर से गोल करने का मौका मिला और उन्होंने करारा शॉट जमाया जिसे यिरेनकी ने सही दिशा देकर गोल में डाल दिया। इस मैच में दोनों टीम को गोल करने के बहुत कम मौके मिले थे। ऐसे में पनामा को उम्मीद थी कि वह विश्व कप में अपना पहला अंक हासिल करने में सफल रहेगा लेकिन यिरेनकी के गोल ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### घाना ने 65वें मिनट पर किया गोल

घाना को 65वें मिनट में गोल करने का मौका मिला था जब थॉमस असांटे ने पनामा की रक्षापंक्ति को भेदते हुए बॉक्स के अंदर जॉर्डन अय्यू को पास दिया, लेकिन जियोवानी रामोस ने पीछे से आकर यह प्रयास नाकाम कर दिया। इस जीत से घाना ग्रुप एल में इंग्लैंड के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है।

### गोलकीपर ने रोका शानदार पहला शॉट

पहले हाफ में गोल पर एकमात्र शॉट खेल शुरू होने के दो मिनट बाद लगाया गया। तब पनामा के फॉरवर्ड सेसिलियो वाटरमैन ने आमिर मुरिलो के एक निचले क्रॉस पर गेंद पर बॉक्स के बीच से शॉट लगाया लेकिन गोलकीपर एटिजिगी ने दायीं ओर डाइव लगाकर उसे रोक दिया। एटिजिगी चोटिल होने के कारण हाफटाइम के बाद मैदान पर नहीं उतरे। उनकी जगह बेंजामिन असारे ने ली।



# नहीं चला रोनाल्डो का जादू, कांगो ने पुर्तगाल को बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने हैट्रिक बनाकर अपनी टीम को विश्व कप फुटबॉल में शानदार शुरुआत दिलाई थी लेकिन उन्हीं की तरह छठी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एक अन्य दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ऐसा कोई कमाल नहीं दिखा पाए और उनकी टीम पुर्तगाल को कांगो के खिलाफ अप्रत्याशित रूप से 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

रोनाल्डो और पुर्तगाल अपने पहले विश्व कप खिताब की कवायद में हैं लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और यह किसी बड़े उलटफेर से कम नहीं है। यह कांगो के इतिहास में विश्व कप का पहला गोल था। कांगो ने इससे पहले 1974 में विश्व कप में भाग लिया था लेकिन तब वह अपने तीनों मैच हार गया था।

### कांगो 52 वर्ष में पहली बार हिस्सा ले रहा

कांगो 52 वर्ष में पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। वह अफ्रीका की दूसरी टीम है जिसने यूरोप की किसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोका। इससे पहले सोमवार को केप वर्डे ने स्पेन को गोलरहित बराबरी पर रोका था। एनआरजी स्टेडियम में 68,777 दर्शकों में पुर्तगाल के समर्थकों की संख्या काफी अधिक थी। उसकी टीम ने अच्छी शुरुआत की थी। जोआओ नेवेस ने छठे मिनट में पुर्तगाल को शुरुआती बढ़त दिलाई। पांच फुट सात इंच लंबे इस मिडफील्डर ने पेड्रो नेटो के क्रॉस पर हेडर से गोल किया लेकिन पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में आर्थर मासुअकू के क्रॉस पर योआने विस्सा ने हेडर से गोल करके कांगो को बराबरी पर ला दिया, जिससे नीली जर्सी पहने उसके मुट्ठी भर प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### पुर्तगाल कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया

दूसरी तरफ पुर्तगाल खिताब का प्रबल दावेदार है। सभी की नजरें रोनाल्डो पर टिकी थी। उन्हें दो अवसरों पर गोल करने का मौका मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। रोनाल्डो 68वें और 73वें मिनट में दाहिनी ओर से शॉट नहीं लगा पाए। दोनों ही मौकों पर उन्होंने निराशा में अपना सिर हिलाया। रोनाल्डो के प्रयासों के अलावा ब्रूनो फर्नांडिस के पास 90वें मिनट में पुर्तगाल को बढ़त दिलाने का मौका था, लेकिन उनका शॉट भी दाईं ओर से बाहर चला गया। पुर्तगाल ने 55वें मिनट में जोआओ कैंसलो के बाइसाइकिल किक से बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन उन्हें ऑफसाइड करार दिया गया।



## हैरी ने दागे दो गोल, इंग्लैंड ने क्रोएशिया को हराया

आर्लिंगटन। हैरी केन ने दो गोल करके विश्व कप फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे उनकी टीम ने ग्रुप एल के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 4-2 की जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उन्होंने इसके बाद 42वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। मार्टिन बटुरिना (36वें) और पीटर मूसा ने पहले हाफ में गोल करके क्रोएशिया को मुकाबले में बनाए रखा। मूसा ने अपना गोल पहले हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में किया।

## डेब्यू मैच में डियाज़ ने ठोका गोल, कोलंबिया ने उज्बेकिस्तान को दी मात

**मैक्सिको सिटी।** लुई डियाज ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपने पदार्पण मैच में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे कोलंबिया ने विश्व कप के ग्रुप के अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 3-1 से शानदार जीत हासिल की। विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे एक अन्य खिलाड़ी डेनियल मुनोज 40वें मिनट में डियाज के पास पर कोलंबिया के लिए पहला गोल किया। डियाज ने 65वें मिनट में निर्णायक गोल दागा जब उनका करीब से लगाया गया शॉट गोता लगाकर रोकने की कोशिश कर रहे गोलकीपर उत्किर युसुपोव के हाथों को स्पर्श करके गोल लाइन के पार चला गया। उज्बेकिस्तान के लिए फैजुल्लायेव अब्बोसबेक ने 60वें मिनट में गोल किया। उज्बेकिस्तान ने एस्टाडियो एज्टेका में 80,824 दर्शकों के सामने विश्व कप में अपना पदार्पण किया।



### कोलंबिया ने किया शानदार प्रदर्शन

विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज कोलंबियाई टीम को 50वें स्थान की टीम उज्बेकिस्तान पर जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। कोलंबिया ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से जैमिंटन कैम्पाज ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया। इस जीत से कोलंबिया ग्रुप के में पुर्तगाल और कांगो से आगे निकलकर शीर्ष पर पहुंच गया है।

## डायमंड लीग : नीरज का मुकाबला श्रीलंका के रुमेश पथिरागे से



**दोहा।** भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा को उम्मीद होगी कि जब वह शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग में फॉर्म में चल रहे शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ वापसी करेंगे तो चोट के कारण प्रतियोगिताओं से अनुपस्थिति उनकी लय को प्रभावित नहीं करेगी। इसमें भाग लेने वाले शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों में श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश थरंगा पथिरागे भी शामिल होंगे जिन्होंने कुछ दिन पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है। दूसरी ओर 28 वर्षीय चोपड़ा पीठ की चोट से उबर रहे हैं लेकिन उन्हें उम्मीद है कि कतर स्पोर्ट्स क्लब में वह शुरुआत से ही अपनी लय हासिल कर लेंगे।



एफआईएच नेशंस कप

# उरुग्वे को हराकर भारत ने सेमीफाइनल में मारी एंट्री, दीपिका रहीं मैच की हीरो

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशंस कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उरुग्वे को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत की जीत की सबसे बड़ी हीरो दीपिका रहीं, जिन्होंने दो अहम गोल दागे। वहीं दीपिका सोरेंग ने भी एक शानदार मैदानी गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले भारतीय टीम अमेरिका और जापान को भी मात दे चुकी है।

### उरुग्वे ने बनाई शुरुआती बढ़त

मैच के 13वें मिनट में उरुग्वे की चियारा एपेनिनो ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने जल्द ही



वापसी करते हुए 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका के गोल की बदौलत स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

### तीसरे क्वार्टर में भारत ने पलटा मैच

तीसरे क्वार्टर के 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग ने शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद मुकाबला रोमांचक हो गया। मैच के 55वें मिनट में उरुग्वे की कप्तान मैनुएला विलार ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। लेकिन अगले ही मिनट दीपिका ने अपना दूसरा गोल दागते हुए भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई, जो अंत तक कायम रही।

### नेहा के लिए भी खास रहा मुकाबला

यह मुकाबला भारतीय खिलाड़ी नेहा के लिए भी बेहद यादगार रहा। उन्होंने इस मैच के साथ भारत के लिए अपने करियर का 200वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। अब भारतीय टीम 20 जून को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में चिली या दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी।

## गर्मी को देखते हुए 10 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड देश के अधिकांश हिस्सों में मई में पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अगले साल से 10 मार्च से 15 मई तक आयोजित करने पर विचार कर रहा है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए मैचों की संख्या 74 ही रहेगी और इसे बढ़ाकर 94 नहीं किया जाएगा।

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**

(AGovernment of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (2nd call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

**No.: 20 /CSIDC/E.E. Division-I/2026-27/** **Raipur, dated 17/06/2026**

Online tenders are invited in Form-B Item rate basis, from "A"class Electrical license contractors' Registered in C & Above class in new registration system "Unified Registration System- (e-Registration)" with Chhattisgarh P.W.Dwebsite https://eproc.cgstate.gov.inat appropriate class, for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Calss of Contractor Eligible to Tender | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "Supply, Installation testing & Commissioning of 02 Nos 11 KV/0.433 KV Sub-Station (2 x 500 KVA) Including Annual Maintenance Contract (AMC) for 3 Years for Electricity Connections at Working Women Hostel Koni & Uslapur , Bilaspur (C.G.)". | Registered in C class in new registration system "Unified Registration System- (e-Registration)" | 04 Months | 111.99 Lacs | 84,000/- | 3540/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 17/06/2026 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE**: (1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in. (2) Tenderer may contact to E.E., Div-l, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.

**Executive Engineer,**
**Division-I**

S-48194/1

एफआईएच हॉकी प्रो लीग

# भारत ने जर्मनी को हराया मनप्रीत ने बनाया रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| रॉटरडम

मनप्रीत सिंह ने अपना 413वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया, जबकि भारत ने यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अपने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 3-1 से हराया।

भारत की ओर से मनदीप सिंह (सातवें), शिलानंद लाकड़ा (13वें) और नीलकांत शर्मा (35वें) ने एक-एक गोल दागा, जबकि जर्मनी की तरफ से एकमात्र गोल राफेल हार्टकॉफ (45वें) ने किया। भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### भारत ने शुरू से ही बनाए रखा दबाव

भारत ने अच्छी शुरुआत की और शुरू से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा जिसका फायदा उसे सातवें मिनट में मिला जब मनदीप ने गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। लाकड़ा ने पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले ही शानदार शॉट लगाकर जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर को हतप्रभ किया और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने भारत के हाफ में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने दमदार खेल का नजारा पेश किया। जर्मनी को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन पहला अमित रोहिदास ने बचा दिया और दूसरा गोलकीपर मोहित ने नाकाम कर दिया, जिससे भारत की बढ़त बरकरार रही।

### तीसरा गोल नीलकांत ने ठोक दिया

भारत ने तब अपनी बढ़त को 3-0 तक कर दिया जब नीलकांत ने अकेले ही दौड़ते हुए जर्मन डिफेंडरों को पछाड़कर गेंद को गोल में डाल दिया। तीसरे क्वार्टर में महज 20 सेकंड शेष रहते हुए हार्टकोफ ने 45वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा।


एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप

# अभय-वेलावन की जोड़ी की जीत से शुरूआत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने बृहस्पतिवार को मलेशिया के सारावाक में चल रही तीसरी एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में दक्षिण कोरिया के ओ सियोजिन और मिनवू ली की जोड़ी पर सीधे सेट में मिली जीत से खिताब बचाने का अभियान शुरू किया।

गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पूल ए में कोरियाई जोड़ी पर 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारत के राहुल बैथा और सूरज चंद ने पूल बी में सिंगापुर के सैमुअल क्यूएक वेई यि और



जस्टिन याप पर 11-3 11-3 से शुरूआत की लेकिन जापान के नाओकी हयाशी और रेन माकिनो से 8-11 11-8 6-11 से हार गए।

### युगल खिलाड़ियों का प्रदर्शन

मिश्रित युगल में वेलावन और जोशना चिनप्पा की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चीनी ताइपे के कोर्डिला सु और पान होंग रूई को पूल बी में 11-2 11-3 से हराया। महिला युगल में जोशना और रथिका सीलन की दूसरी वरीय जोड़ी ने छह टीम के पूल बी में अपने सभी तीनों मुकाबले जीत लिए।

उन्होंने सिंगापुर की जयना लिम और जसिंथा हान को 11-5 11-5, सुगिमोटो रिसा और एरिसा सानो की जापानी जोड़ी को 11-9 11-8 और हमवतन जानेट विधि और पूजा आरथी को 11-5 11-8 से शिकस्त दी। जानेट और पूजा की सातवीं वरीय जोड़ी ने दिन के अन्य दो मैच जीते।

**सं. ए-14011/01/2026- सी.पी.डब्ल्यू.**
**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (सी.पी. प्रभाग)**
**विषय: केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव के पद पर चयन के संबंध में।**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर वेतनमान के स्तर-13ए में नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (6 ऑफ 1974) के अंतर्गत स्थापित एक स्वायत्त निकाय है।

विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट https://moef.gov.in पर उपलब्ध है।

CBC 13101/11/0010/2627 **भारत सरकार के संयुक्त सचिव**

**CHHATTISGARH HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**
**Paryawas Bhavan, Sector-19, North Block, Nava Raipur Atal Nagar-492002**

**NOTICE INVITING TENDER**

Dated:

For sustainable growth of the urban areas, Government of Chhattisgarh has approved various Redevelopment Projects in the prime locations of the cities/towns via Public Private Partnership mode. On behalf of GoCG, CGHIDB invites proposal for Selection of Developer for Redevelopment of land parcels at five (5) different locations on license basis.

Details of the Project:

| S. No. | NIT No. | Name of the Projects & Land Area | Offset Price (in Cr.) | EMD (in Lakhs) | Cost of RFP Document (in Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AHC (R) NIT No. 16 Dt.16.06.26 | Redevelopment of land parcel(s) of total area 1.81 acres Opposite to BTI Ground, Raipur | 56.30 | 28.15 | 1.18 (with GST) |
| 2 | AHC (NR) NIT No. 25 Dt.16.06.26 | Redevelopment of land parcel(s) of total area 5.19 acres at Clubpara, Mahasamund | 40.31 | 20.15 | 1.18 (with GST) |
| 3 | AHC (Durg) NIT No. 08 Dt.16 Dt.16.06.26 | Redevelopment of land parcel(s) of total area 5.0 acres at Kailash Nagar, Rajnandgaon | 115.01 | 57.50 | 1.18 (with GST) |
| 4 | AHC (JDP) NIT No. 07 Dt. 16.06.26 | Redevelopment of land parcel(s) of total area 0.65 acres at Chandani Chowk (Phase II), Jagdalpur | 15.95 | 8.00 | 1.18 (with GST) |
| 5 | AHC (BSP) NIT No. 114 Dt.16.06.26 | Redevelopment of land parcel(s) of total area 6.49 acres at Katghora, Korba | 22.74 | 11.40 | 1.18 (with GST) |

- Bid start date: From 10:30 AM on 22/06/2026
- Pre-bid meeting schedule- 12:00 Noon, 2nd July-26 at Sector-19, Paryawas Bhawan, CGHIDB (HO), Nava Raipur Atal Nagar.
- Due date for online submission of Bids (Both Technical and Financial): up to 5:30 PM on Date: 22/07/2026
- Due date for hardcopy submission: up to 5:30 PM on Date: 24/07/2026
- Bid Opening Date: 27/07/2026, 11:00 AM onwards
- For more information bidders may contact to Dy. Housing Commissioner, Head Office CGHIDB (94242-09032); EE Div-2 Raipur (94242-09041); EE Div. Mahasamund (76971-92220); EE Div. Rajnandgaon (98271-75003); EE Div. Jagdalpur (99932-33629); EE Div. Korba (99072-85405).
- Bidder may download the RFP documents and other terms and conditions from website https://cghb.gov.in & http://eproc.cgstate.gov.in. Any amendment/corrigendum in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.

S-48196/3 **DHC(HO), CGHIDB, Nava Raipur Atal Nagar**




# अब रेगिस्तान में भी नहीं सूखेगा गला ! यह जैकेट हवा से बना रही है पीने का पानी

**वॉशिंगटन।** दुनिया में बढ़ते जल संकट के बीच वैज्ञानिकों ने एक ऐसी जैकेट तैयार की है, जो हवा में मौजूद नमी को पीने योग्य पानी में बदल सकती है। यह नई टेक्नोलॉजी दूरदराज और पानी की कमी वाले इलाकों में लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के रिसर्चर्स ने एक ऐसी वॉटर-जेनरेटिंग जैकेट बनाई है, जो बिना किसी वाटर सोर्स के, सिर्फ हवा में मौजूद नमी को सोखकर उसे शुद्ध पीने के पानी में बदल सकती है।

## कैसे काम करती है यह खास तकनीक?

रिसर्चर्स ने इस जैकेट को बनाने के लिए एक एडवांस और स्पेशल कपड़े का इस्तेमाल किया है। यह कपड़ा हवा से पानी की भाप को अपनी तरफ खींचता है। इसके बाद, जैकेट में मौजूद सिस्टम इस भाप को गर्म और ठंडा करके लिक्विड यानी पानी में बदल देता है। इस पानी को जैकेट में ही लगी एक अलग होने वाली बोतल में जमा कर लिया जाता है।

## किसके लिए मददगार साबित होगी यह जैकेट?

रिसर्चर्स का मानना है कि यह तकनीक उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी, जो ऐसे इलाकों में रहते हैं या काम करते हैं जहां साफ पानी आसानी से नहीं मिलता। इससे मुख्य रूप से इन लोगों को फायदा होगा-

- पहाड़ों पर चढ़ने वाले और कैंपिंग करने वाले लोगों को।
- रेगिस्तानी या दूरदराज के इलाकों में ड्यूटी कर रहे सैनिकों को।
- खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर
- आपदा प्रबंधन और इमरजेंसी रेस्क्यू टीमें को



## पुरानी तकनीक से 10 गुना बेहतर

जर्नल नेचर वॉटर में छपी रिसर्च के अनुसार, यह नया कपड़ा पहले से मौजूद वॉटर-हार्वेस्टिंग तकनीकों की तुलना में 3 से 10 गुना ज्यादा तेजी और बेहतर तरीके से काम करता है।

## सिर्फ जैकेट नहीं, टेंट और बैग भी बदलेंगे पानी में!

रिसर्चर्स इस कमाल की तकनीक को सिर्फ जैकेट तक सीमित नहीं रखना चाहते। आने वाले समय में इस स्पेशल मटेरियल का इस्तेमाल स्कूल बैग, टेंट और अस्थाई शेल्टर होम बनाने में भी किया जाएगा। जिससे प्राकृतिक आपदा या सूखे के समय लोगों को आसानी से पानी मिल सके। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने एक सोलर-पावर्ड डिवाइस भी टेस्ट किया है, जो सूरज की रोशनी से चलती है। इस डिवाइस ने रेगिस्तान जैसे सूखे इलाकों में भी हर दिन1.3 लीटर से लेकर 4.3 लीटर तक साफ पानी बनाकर दिखाया है।

## रोचक खबरें



# बिजली की लाइन बिछाते वक्त मिला 5000 साल पुराना कंकाल

**नई दिल्ली।** जर्मनी के गेर्स्टविट्ज में बिजली लाइन के काम के दौरान आर्कियोलॉजिस्ट्स को एक 5000 साल पुराना मानव कंकाल मिला है। यह स्केलेटन एक प्राचीन भट्टी के गड्ढे में दबा हुआ था और इसकी खोपड़ी बुरी तरह टूटी हुई थी। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कॉर्डेड वेयर कल्चर के एक 25 साल के युवक का है। इसकी मौत किसी लड़ाई, मर्डर या फिर देवताओं को खुश करने के लिए दी गई नरबलि के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। जर्मनी के एक छोटे से गांव गेर्स्टविट्ज में खुदाई के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यहां काम कर रहे आर्कियोलॉजिस्ट्स को करीब 5000 साल पुराना एक मानव कंकाल मिला है। यह स्केलेटन एक प्राचीन भट्टी के गड्ढे में दबा हुआ था। इस युवक की खोपड़ी पर गहरी चोट के निशान मिले हैं। आमतौर पर प्राचीन भट्टियों में इंसानी हड्डियां नहीं मिलती हैं। इसी वजह से वैज्ञानिक इस खोज को लेकर बेहद हैरान हैं। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि यह किसी प्राचीन नरबलि का हिस्सा हो सकता है। यह खोज जर्मनी के स्टेट ऑफिस फॉर हेरिटेज मैनेजमेंट एंड आर्कियोलॉजी के वैज्ञानिकों ने की है। बिजली की लाइन बिछाने के दौरान इस रहस्यमयी कब्र का पता चला। इस कंकाल के मिलने से प्राचीन कॉर्डेड वेयर कल्चर के कई डरावने राज सामने आ रहे हैं।

**टूटी खोपड़ी और सिर पर चोट के निशान से खुला बड़ा राज**

# यहां बिकता है कोयले-सा काला लहसुन महंगे दाम में खरीद रहे लोग!

**नई दिल्ली।** क्या लहसुन भी कभी काला होता है? जब भारत में लहसुन काला पड़ जाता है तो ज्यादातर घरों में उसे तुरंत कचरे में फेंक दिया जाता है। लोग सोचते हैं कि यह सड़ गया है और इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। लेकिन, यही गलतफहमी आपको एक शक्तिशाली सुपरफूड से दूर रख रही है। यूरोप, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया जैसे देशों में यही काला लहसुन प्रीमियम प्रोडक्ट बनकर महंगे दामों पर बिकता है। एक छोटे पैकेट की कीमत सैकड़ों रुपए तक हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग इसे जानते हुए खरीद रहे हैं। अगर आपको इसके बेनिफिट्स पता चलेंगे तो आप भी हैरान रह जाएंगे। काला लहसुन कोई अलग पौधा नहीं है। यह सामान्य सफेद लहसुन को खास प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। पूरे लहसुन के गुच्छों को 60-90 डिग्री सेल्सियस तापमान और 70-90% नमी वाले माहौल में 3 से 8 हफ्तों तक रखा जाता है। इस दौरान माइलार्ड रिएक्शन होता है, जिससे लहसुन का रंग काला, बनावट नरम-चिपचिपी और स्वाद मीठा हो जाता है। इसमें तेज तीखापन और बदबू बिल्कुल नहीं रहती, जो सामान्य लहसुन की सबसे बड़ी समस्या है। भारत में लोग इसे सड़ा हुआ समझते हैं, जबकि एशिया के कई देशों में सदियों से इसका इस्तेमाल हो रहा है। अब यूरोपीय बाजार में यह हेल्थ फूड स्टोर्स, ऑर्गेनिक शॉप्स और हाई-एंड रेस्टोरेंट्स में बड़े पैमाने पर उपलब्ध है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार काले लहसुन में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा सामान्य लहसुन से कहीं ज्यादा होती है। खासकर एस-एलिल सिस्टीन नामक कंपाउंड बढ़ जाता है, जो शरीर में आसानी से अवशोषित होता है। यह कंपाउंड सूजन कम करने, फ्री रेडिकल्स से लड़ने और सेल डैमेज रोकने में बेहद असरदार है।



**वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी**

# यहां कभी भी आ सकता है विनाशकारी भूकंप, फटेगी धरती और मचेगी तबाही

वॉशिंगटन। दुनिया के कई देशों ने हाल के दिनों में भूकंप के तेज झटकों का सामना किया है। कुछ दिन पहले ही फिलीपींस के दक्षिणी द्वीप मिंडानाओ के तट के पास भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे। 8 जनू को आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 61 लोगों की मौत हो गई थी, तो वहीं 40 लापता हो गए थे। अब जापान और चीन में शक्तिशाली भूकंप आया है। जापान के होनशू द्वीप पर 6.0 और चीने के उत्तरी किंगहाई प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। अब इस बीच वैज्ञानिकों ने विनाशकारी महाभूकंप आने और पृथ्वी पर तबाही मचाने की धमाके चेतावनी दी है। उन्होंने सलाह दी है कि इन खतरों से निपटने के लिए अभी से तैयारी करनी चाहिए।

## 1000 साल से इन लाइनों पर पड़ रहा दबाव

वैज्ञानिकों ने अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य को लेकर यह चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि साउथ में सैन एंड्रियास-सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइनों पर पड़वे वाला दबाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। बीते करीब 1000 साल से इन लाइनों पर दबाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि दोनों फॉल्ट्स आपस में टकराकर विनाशकारी भूकंप ला सकती हैं। अगर ऐसा होता है, तो सैन एंड्रियास और सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइन के बीच स्थित लॉस एंजिल्स शहर धरती में समा जाएगा।



## जमीन के नीचे धधक रहा लावा

यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई और यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के विशेषज्ञों इन लाइनों का अध्ययन किया है। यह अध्ययन फिजिक्स-बेस्ड मॉडल से की गई है। इसके तहत 1000 ईस्वी से साल 2026 तक इन लाइनों पर पड़ने वाले दबाव को पकड़ा गया है। इसमें खुलासा हुआ कि लॉस एंजेलिस और रिवरसाइड शहरों की जमीन के नीचे लावा धधक रहा है। इसकी वजह से धरती गर्म हो रही और दबाव बढ़ता जा रहा है।

## रिक्टर स्केल पर 8 हो सकती है भूकंप की तीव्रता

वैज्ञानिकों का कहना है कि काजोन पास के नीचे दोनों फॉल्ट लाइनें को आपस में जुड़ाव है। उनका कहना है कि एक फॉल्ट पर भूकंप आता है, तो उससे दूसरी फॉल्ट लाइन भी कांपेंगी। इसकी वजह से अभी तक के इतिहास का सबसे बड़ा और विनाशकारी भूकंप आएगा। उन्होंने बताया कि इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 8 हो सकती है। इसके कारण साउथ कैलिफोर्निया के बहुत बड़े इलाके में भारी तबाही मच सकती है।



## फट सकती है धरती


वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के भीतर होने वाली हलचलों और टेक्टोनिक प्लेटों के दबाव को समझने के लिए शोध किया है, जिसमें उन्होंने कंप्यूटर की मदद ली है। अध्ययन में जानकारी सामने आई है कि सैन एंड्रियास फॉल्ट के मोजावे साउथ इलाके में दबाव बढ़कर 2.8 मेगापास्कल तक पहुंच चुका है। सैन जैसिंटो फॉल्ट की बरनार्डिनो स्ट्रैंड पर और ज्यादा 3.6 मेगापास्कल का दबाव दर्ज किया गया है। अगर यह बढ़ता है, तो धरती फट सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि दोनों फॉल्ट लाइनों पर पड़ रहा है दबाव अभी तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है, जिससे संकेत मिलता है कि धरती के नीचे की चट्टानें सहनशीलता की आखिरी सीमा पर हैं। उन्होंने बताया कि काजोन पास के करीब महाभूकंप का संभावित केंद्र हो सकता है। इस स्थान पर सैन एंड्रियास और सैन जैसिंटो फॉल्ट्स बेहद पास स्थित हैं। इस स्थान को फॉल्ट लाइनों का मेन जंक्शन या संपर्क बिंदु कहा जा सकता है।

# अल नीनो ने कभी खत्म कर दी थी दुनिया की चार फीसदी आबादी

**वॉशिंगटन।** अल नीनो की वजह से भारत समेत पूरी दुनिया में मौसम पैटर्न बदलने का खतरा मंडरा रहा है। इसके कारण भारत में सूखा और भीषण गर्मी पड़ सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून पर गहरा असर डाल सकता है। इसके कारण देश के कई इलाकों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है।

अल नीनो को लेकर पूरी दुनिया की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन ने अल नीनो के आने की आधिकारिक रूप से घोषणा कर दी है। इसके 2026-2027 की सर्दियों तक और ताकतवर होने की संभावना है। अल-नीनो ने 1876 से 1878 के बीच दुनियाभर में भीषण तबाही मचाई थी। इस दौरान करीब 5 करोड़ लोगों की मौत हो गई थी। कहा जाता है कि अल नीनो के कारण दुनिया की 4 फीसदी आबादी खत्म हो गई थी।

**150 साल पहले मचाई थी भीषण तबाही**



## अल नीनो से भारत में सूखा और पड़ती है भीषण गर्मी

अल नीनो की वजह भारत में मानसून प्रभावित होता है। इसके कारण सामान्य से कम बारिश होती है, क्योंकि अल नीनो ऊपर चलने वाली हवाओं को प्रभावित करता है। सामान्य मानसून के दौरान गर्म और नमी वाली हवाएं भारत आती हैं, लेकिन जब अल-नीनो आता है, तो इंडोनेशिया और भारत के ऊपर वायुमंडलीय दबाव बढ़ जाता है, जिससे बादलों के बनने और बारिश होने में रुकावट पैदा करता है। इसके कारण सूखा, गर्मी और अनियमित बारिश होती है।

## यह है अल नीनो

अल नीनो एक प्राकृतिक और मौसमी जलवायु घटना है, जो प्रशांत महासागर में होती है। इस दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर की समुद्री सतह का तापमान सामान्य से ज्यादा गर्म हो जाता है। इससे पूरे इलाके में तापमान बढ़ जाता है। इसकी वजह से दुनियाभर में मौसम, हवाओं और बारिश का पैटर्न बदल जाता है। इसके कारण दुनिया के कुछ इलाकों में बारिश और बाढ़ आती है, जबकि कुछ इलाकों को भीषण गर्मी और सूखे सामना करना पड़ता है।

## ऐसे बनता है अल नीनो

सामान्य परिस्थितियों में भूमध्य रेखा के पास चलने वाली व्यापारिक हवाएं गर्म पानी को पूर्व से पश्चिम की तरफ धकेलती हैं। यानी दक्षिण अमेरिका से एशिया और ऑस्ट्रेलिया की तरफ लेकर जाती है। लेकिन अल नीनो के समय ये हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे गर्म पानी वापस पूर्व की तरफ पेरू के तटों की ओर इकट्ठा होने लगता और समुद्र का तापमान सामान्य से ज्यादा बढ़ जाता है।

# इसे कहते हैं परफेक्ट फैमिली प्लानिंग! एक ही तारीख को जन्में तीन बच्चे



**नई दिल्ली।** फैमिली प्लानिंग की बातें अक्सर सुनने को मिलती हैं, लेकिन भारत का एक परिवार तो इसकी मिसाल ही बन गया. इस परिवार के तीनों बच्चे अलग-अलग वर्षों में लेकिन ठीक एक ही तारीख यानी 10 जून को पैदा हुए हैं। और सबसे रोचक बात यह है कि तीनों डिलीवरी करवाने वाली डॉक्टर रामोला जेनेट डायना का जन्मदिन भी 10 जून ही है। एक परिवार में चार जन्मदिन एक ही तारीख पर, यह दुर्लभ संयोग पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे डेस्टिनी, परफेक्ट टाइमिंग और ईश्वरीय कृपा बता रहे हैं। पालायमकोट्टई के इस परिवार ने पहला बच्चा 10 जून को जन्म दिया था। परिवार को लगा कि यह महज संयोग है। लेकिन, जब दूसरा बच्चा भी ठीक 10 जून को पैदा हुआ तो सब हैरान रह गए। तीसरे बच्चे के जन्म के समय तो पूरा परिवार और अस्पताल स्टाफ भी उत्सुकता से इंतजार कर रहा था। और हुआ भी वही, तीसरा बच्चा भी 10 जून को ही पैदा हुआ।




# भारत का एक अनोखा किला, जिसके दीवारों से टपकता था खून

**नई दिल्ली।** भारत अपने रहस्यमयी किलों, प्राचीन मंदिरों और अनसुनी कहानियों के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां कई ऐसी ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं, जिनसे जुड़े किस्से आज भी लोगों को हैरान कर देते हैं। इन्हीं में से एक है बिहार के रोहतास जिले में स्थित रोहतासगढ़ किला, जिसे भारत के सबसे प्राचीन और रहस्यमयी किलों में गिना जाता है। यह किला जितना अपनी भव्यता और इतिहास के लिए जाना जाता है, उतना ही यहां से जुड़ी डरावनी कहानियों के कारण भी हमेशा से चर्चे में रहता है।



## दीवारों से टपकते खून की रहस्यमयी कहानी

रोहतासगढ़ किले से जुड़ी सबसे रहस्यमयी बात इसकी दीवारों से खून निकलने की कहानी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई साल पहले इस किले की पत्थर की दीवारों से लाल रंग का तरल पदार्थ निकलता था, जिसे लोग खून मानते थे। करीब 200 साल पहले फ्रांसीसी इतिहासकार बुकानन ने भी अपनी यात्रा के दौरान इस घटना का जिक्र अपने दस्तावेजों में किया था। उन्होंने लिखा था कि किले की दीवारों से खून जैसा पदार्थ निकलता दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि रात के समय इस किले से रोने और चीखने की आवाजें भी सुनाई देती थीं। यही वजह है कि लंबे समय तक लोग शाम होने के बाद इस किले के आसपास जाने से डरते थे।

## त्रेता युग से जुड़ा है किले का इतिहास

रोहतासगढ़ किले का इतिहास बेहद पुराना और दिलचस्प माना जाता है। मान्यता है कि इसका निर्माण त्रेता युग में अयोध्या के सूर्यवंशी राजा त्रिशंकु के पौत्र और राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहिताश्व ने करवाया था। इसी वजह से इस किले का नाम रोहतासगढ़ पड़ा। पहाड़ों की ऊंचाई पर बना यह विशाल किला आज भी अपनी मजबूती और शानदार आर्किटेक्चर के लिए प्रसिद्ध है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com